RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-346 | जयपुर, रविवार, 14 जून 2026 | मूल्य-4 रुपये

## अब एथेनॉल से दौड़ेंगे वाहन, दी गई कानूनी मंजूरीः गडकरी

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को बताया कि देश में हरित ऊर्जा और स्वच्छ परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 100 प्रतिशत एथेनॉल को वाहनों में उपयोग करने की कानूनी मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आवश्यक फाइल पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं और अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। नागपुर में गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता से मुक्त करना है। नए निर्णय के बाद वाहन मालिक अपनी गाड़ियों में पेट्रोल के स्थान पर सीधे 100 प्रतिशत एथेनॉल का उपयोग कर सकेंगे।

## आरजीएचएस घोटाले में एसओजी ने तीन और आरोपित किये गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में करोड़ों रुपये के कथित फर्जीवाड़े की जांच कर रही एसओजी ने संगठित नेटवर्क से जुड़े तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में सरकारी डॉक्टरों, डायग्नोस्टिक सेंटर संचालकों और कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी ओपीडी पर्चियां, अनावश्यक जांचें और फर्जी रिपोर्टों के जरिए सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने का खुलासा हुआ है।

## अभिषेक बनर्जी के घर रात 3 बजे पुलिस की रेड, चार घंटे तलाशी

**कोलकाता।** ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित घर पर कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार देर रात 3 बजे छापा मारा। पुलिस टीम सेंट्रल फोर्स के जवानों के साथ पहुंची। पुलिस अधिकारी अंदर गए, जवान गेट के बाहर पहरा देते रहे। तलाशी अभियान करीब 4 घंटे तक चला। छापे की सूचना मिलते ही ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के घर आईं, थोड़ी देर रुकीं फिर वापस चली गईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी अभिषेक के पीए सुमित रॉय का पता लगाने के लिए की गई थी।

# एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान लैंडिंग के दौरान क्रैश, 5 जवान शहीद

### इनमें राजस्थान, बिहार, यूपी के जवान शामिल

**जोरहाट**

असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं।

दानिश बिहार के तो खेमाराव राजस्थान के रहने वाले थे। सार्जेंट जितेंद्र यूपी से थे। तीनों की शादी की बात चल रही थी। इस हादसे में एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था।

हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था,





जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है। इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रुटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील कि शुरुआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं।

### जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश

भारतीय वायुसेना ने इस हादसे की गंभीरता को देखते हुए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' (Court of Inquiry) के आदेश दे दिए हैं ताकि दुर्घटना के असली कारणों का पता लगाया जा सके। अभी तक मृतकों और जीवित बचे को-पायलट की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। वायुसेना ने लोगों से अपील की है कि जब तक प्रारंभिक जांच के परिणाम सामने नहीं आ जाते, तब तक किसी भी तरह की अटकलों से बचें।

### एयरफोर्स एएन-32 विमानों को बदलने की तैयारी में

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, भारतीय वायुसेना अपने पुराने एएन-32 और आईएल-76 मालवाहक विमानों को बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे, ताकि भविष्य में सैनिकों, हथियारों और सैन्य सामान की ढुलाई की जरूरतें पूरी की जा सकें।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताया शोक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, 'असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में पांच वायु सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने अपनी ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। देश उनके साहस और सेवा को हमेशा गर्व और कृतज्ञता के साथ याद रखेगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में देश मजबूती से उनके साथ खड़ा है।

## पीएम मोदी फ्रांस पहुंचे, आज राष्ट्रपति मैक्रों से मिलेंगे



### जी 7 समिट के दौरान 17 जून को ट्रम्प के साथ मीटिंग

**पेरिस/ब्रातिस्लावा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के नीस पहुंच गए हैं। वे आज फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे और 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन भी करेंगे। मोदी और मैक्रों के बीच भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी, रक्षा सहयोग, व्यापार, निवेश और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया के दौरे पर हैं। पीएम बनने के बाद मोदी की यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। उनका फ्रांस दौरा दो फेज में होगा। पहले फेज में 13-14 जून तक नीस में रहेंगे। दूसरे फेज में 16 से 18 जून के बीच एवियन में त7 समिट में हिस्सा लेंगे। 17 जून को जी7 समिट के दौरान पीएम मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से द्विपक्षीय मुलाकात होगी। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की है। दोनों नेताओं में 16 महीने बाद आमने-सामने की मुलाकात होगी। दोनों आखिरी बार फरवरी 2025 में वॉशिंगटन में मिले थे।

मोदी 14 जून की शाम फ्रांस से स्लोवाकिया जाएंगे और 15 जून तक रुकेंगे। इस दौरान स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रोबर्ट फिको और राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रीनी से मुलाकात करेंगे। 1993 में स्लोवाकिया के आजाद देश बनने के बाद किसी भारतीय पीएम का यह पहला दौरा है।

## सीएम बोले- मोदी के 12 साल के कार्यकाल में प्रदेश में 86 हजार किमी सड़कें बनी

**जयपुर**

सीएम भजनलाल शर्मा ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल में राजस्थान में भी प्रति व्यक्ति आय बढ़ी हैं। पहले राजस्थान के प्रति व्यक्ति आय 69 हजार थी। आज 2 लाख 5 हजार रुपए हैं। साल 2014 से पहले राजस्थान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में 53 हजार किमी सड़क बनी थी। आज यह आंकड़ा 86 हजार किलोमीटर पार



कर चुका है। पहले सामाजिक सुरक्षा का लाभ 57 लाख लोगों को मिल रहा था। आज लाभार्थियों की संख्या 90 लाख पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि हम किसानों को 2027 में दिन में बिजली देंगे। लेकिन हम अभी 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दे रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, उससे पहले देश की स्थिति आप जानते हैं। महंगाई, आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार चरम पर था।

सीमाओं पर किस तरह की वारदात होती थी। सैनिकों के सिर काट कर ले जाते थे। लेकिन राजनीतिक इच्छा शक्ति निर्बल हो गई थी, इसका कोई जवाब नहीं दिया जाता था।

लेकिन 2014 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा में कदम उठाते हुए नक्सलवाद और आतंकवाद को करारा जवाब दिया गया।


## जिंदा मिसाइल के साथ भारत पहुंचा ऑयल टैंकर

### 2000 किमी सफर कर कोच्चि आया, इंडियन नेवी ने मिसाइल निकाली

**कोच्चि**

इंडियन नेवी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से कोच्चि आए एक ऑयल टैंकर से जिंदा मिसाइल को सुरक्षित निकालकर बड़ा समुद्री हादसा टाल दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 मई को ओमान तट के पास MT ओलम्पिक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ था। इस शिप पर मार्शल आइलैंड का झंडा था।

हमले के बाद मिसाइल का वारहेड फटा नहीं, बल्कि टैंकर के



बाहरी हिस्से को भेदते हुए फ्यूल टैंक में जाकर फंस गया। टैंकर अरब सागर में करीब 2,000 किलोमीटर का सफर तय करके कोच्चि पहुंचा। 11 जून को इंडियन नेवी ने हाई-रिस्क ऑपरेशन चलाकर मिसाइल वारहेड को बाहर निकाला।

26 मई को इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी एजेंसी रॉयटर्स ने बताया था कि ओमान की राजधानी मस्कट से करीब 1.8 किलोमीटर दूर टैंकर के बाएं हिस्से में पानी के पास धमाका हुआ था। हालांकि टैंकर का कामकाज देखने वाली कंपनी स्प्रिंगफील्ड शिपिंग ने कहा था कि किसी अज्ञात चीज ने टैंकर को टक्कर मारी है।

बाद में टैंकर ने अधिकारियों को बताया कि उसके अंदर एक जिंदा मिसाइल वारहेड फंस गया है। धमाके के कारण टैंकर से कुछ तेल भी समुद्र में बह गया था। लेकिन टैंकर ने अपना सफर जारी रखा। इस बीच इंडियन नेवी को भी टैंकर में मिसाइल फंसे होने की जानकारी दी गई।

## योगी ने राममंदिर चढ़ावे की जांच के लिए एसआईटी बनाई

### मंदिर के कर्मचारी के घर 10 लाख रूपए मिले, गोबर के ढेर में छिपाए थे

**अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे के 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने शनिवार को सीएम योगी से चोरी के दावे की जांच SIT (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) से कराने की मांग की। इसके कुछ ही घंटों बाद शासन ने 3 सदस्यीय SIT बना दी है। वहीं, मंदिर के कर्मचारी लवकुश मिश्रा (27) के घर से 10 लाख रुपए बरामद हुए हैं। उसने रुपए गोबर में दबाकर छिपाए थे। इसके अलावा, कुछ पैसे बक्से में भी रखे थे। हालांकि, ये रुपए किसके हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं लवकुश के पिता ने भी रुपए मिलने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, लवकुश मंदिर में चढ़ावे की रकम गिनने का काम करता था।

लवकुश की नौकरी उसके ससुर ने लगवाई थी। लवकुश का साला अनुकल्प मिश्रा पहले से मंदिर में नौकरी कर रहा था।

## चूरू में अंधड़ से रेलवे-स्टेशन का टिनशेड ट्रैक पर गिरा

### भीलवाड़ा में बिजली गिरी, जयपुर-कोटा सहित कई जिलों में बरसात

**जयपुर**

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से मौसम बदल गया है। जयपुर सहित कई जिलों में शनिवार सुबह से रुक-रुककर बारिश हुई। मौसम बदलने से दिन-रात के तापमान गिरावट भी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 23 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर और चूरू के कई इलाकों में



हवा के साथ बारिश हुई। श्रीगंगानगर और चूरू में ओले भी गिरे। चूरू के श्रीमकड़ीनाथ रेलवे स्टेशन पर लगा टिनशेड अंधड़ से रेलवे ट्रैक पर गिर गया। इससे ट्रेनें लेट हो गई।

भीलवाड़ा के आसींद में 2 महिलाएं बिजली गिरने से घायल हो गईं। जैसलमेर लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं, शुक्रवार रात जयपुर में आंधी के कारण इंडिगो की फ्लाइट को लैंडिंग में परेशानी हुई।

शनिवार सुबह जयपुर के अधिकतर इलाकों में बारिश हुई। इसके बाद भी घने बादल छाए हुए हैं। करीब 10 मिनट हुई बरसात के कारण मौसम सुहावना हो गया। इससे पहले शुक्रवार रात को भी आंधी के साथ बूंदबांदी भी हुई। वहीं, चंडीगढ़-जयपुर इंडिगो की फ्लाइट खराब मौसम के कारण एक घंटे तक हवा में ही चक्कर लगाती रही। भीलवाड़ा के आसींद में शुक्रवार शाम को एक महिला और छात्रा पर बिजली गिर गई। हादसे में परा के कुमलाई गांव निवासी लाडू देवी (40) पत्नी नारायण लाल रेबारी और पड़ोस में रहने वाली कनू कुमारी (14) घायल हो गईं।

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ अगले आर्मी चीफ होंगे

**नई दिल्ली**

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले आर्मी चीफ होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के लिए उनकी नियुक्ति की मंजूरी दी। सेठ मौजूदा आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून को खत्म होगा।



उसी दिन सेठ भारत के 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे। वे अभी उप सेना प्रमुख के पद पर हैं। उन्होंने दो महीने पहले, 1 अप्रैल को यह पद संभाला था। उप सेना प्रमुख भारतीय सेना के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी होते हैं। बतौर उप सेना प्रमुख धीरज सेठ आर्मी चीफ के साथ मिलकर सेना के कामकाज, सैन्य तैयारियों और नई तकनीक को शामिल करने जैसे अहम काम देखते हैं। सेना के संचालन और व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से चलाने की जिम्मेदारी भी उनके पास होती है। दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन पाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को भारतीय सेना में लगभग चार दशक का अनुभव है।

## भारतीय मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का टेस्ट कामयाब


### 5000 किमी से आ रही मिसाइल को मार गिराएगा

### यह तकनीक हासिल करने वाला भारत 5वां देश

**नई दिल्ली**

भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। DRDO ने 10 और 11 जून को लगातार 3 फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) सिस्टम का प्रदर्शन किया गया।

इसमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) क्लास तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और




बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है। यह स्वदेशी तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट कर देती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 जून को टेस्टिंग की तस्वीरें एक्स अकाउंट पर शेयर की हैं।

इसके साथ-साथ नेवल एंटी शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी टेस्ट किया गया। इसे भारत की समुद्री स्ट्राइक और डिफेंस स्किल को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

भारत अब उन खास देशों के ग्रुप में शामिल हो गया है, जिनके पास ऑपरेशनल-लेवल की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता है। भारत से पहले यह तकनीक अमेरिका, रूस, इजराइल और चीन के पास थी।

इन परीक्षणों को डीआरडीओ और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने करीब से देखा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने स्वयं परीक्षणों की निगरानी की। उन्होंने वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और उद्योग सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सफल परीक्षणों पर डीआरडीओ और सभी संबंधित टीमों को बधाई दी तथा कहा कि ऐसी उपलब्धियां भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को नई मजबूती प्रदान करती हैं।

मल्टी लेयर्ड BMD का काम दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल को उसके टारगेट तक पहुंचने से पहले ही मार गिराना है।

यह कई लेवल पर काम करता है- जैसे पहले रडार मिसाइल का पता लगाते हैं। कमांड सेंटर खतरे का आकलन करता है। इसके बाद इंटरसेप्टर मिसाइल छोड़ी जाती है, जो हवा में जाकर दुश्मन की मिसाइल को नष्ट कर देती है।

बात लेयर्ड मिसाइल डिफेंस की करें तो अगर पहली इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य को नष्ट नहीं कर पाती, तो दूसरी परत एक्टिव हो जाती है। यानी एक डिफेंस लेयर फेल हो जाए, तब भी दूसरी लेयर मौजूद रहती है।

इससे पहले, भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम के फेज-II का सफलतापूर्वक फ्लाइट टेस्ट किया था। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के टेस्ट के तहत ओडिशा के धामरा स्थित लॉन्चिंग कॉम्प्लेक्स LC-IV से एक टारगेट मिसाइल लॉन्च की गई।

### डंपर ने स्कॉर्पियो को 500 मीटर घसीटा, आग का गोला बनी गाड़ी

## दो युवक जिंदा जलकर कंकाल बने

**जबलपुर**

मध्य प्रदेश के जबलपुर में शनिवार शाम तेज रफ्तार हाईवा डंपर और स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई। हरियाणा के 2 युवकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो में आग लग गई। दोनों युवक वाहन के अंदर ही फंस गए। हादसा जबलपुर से करीब 30 किमी दूर बरेला के शारदा मंदिर के पास हुआ।

एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया- हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवक हरियाणा के भिवानी जिले के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान बौंद कलां निवासी परवीन शर्मा और खेड़ी बूरा निवासी मोनू शर्मा के रूप में हुई है। स्कॉर्पियो



रोहतक निवासी गौरव कुमार की थी, जो मोटर कार के कारोबार से जुड़े हैं।

**रायपुर से हरियाणा लौट रहे थे दोनों**

मोनू और परवीन ड्राइवर के रूप में काम करते थे। दोनों काम से रायपुर गए थे। वहां से वापस रोहतक लौट रहे थे। पुलिस ने वाहन मालिक को सूचना दे दी है, जबकि मृतकों के परिजन हरियाणा से जबलपुर के लिए रवाना हो चुके हैं।

एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया- शनिवार शाम बरेला थाना पुलिस को शारदा मंदिर के पास सड़क हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो प्रारंभिक जांच में पता चला कि मंडला की ओर जा रही स्कॉर्पियो एक ट्रक को ओवरटेक कर रही थी।

## असम में आया 4.7 तीव्रता का भूकंप, कछार जिले में था भूकंप का केंद्र, मेघालय समेत पूर्वोत्तर के कई इलाकों में महसूस हुए झटके

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के कछार जिले में गुरुवार रात 4.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसके झटके मेघालय सहित पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में महसूस किए गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान या बड़े हादसे की कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों के अनुसार भूकंप गुरुवार रात करीब 9:10 बजे आया। इसका केंद्र असम के कछार जिले में स्थित था। भूकंप की गहराई जमीन से लगभग 39 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई, जिससे इसके झटके आसपास के राज्यों तक महसूस किए गए। भूकंप विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, भूकंप का केंद्र 24.941 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 93.007 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। झटके महसूस होते ही कई लोग एहतियातन अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल आए। कुछ क्षेत्रों में लोगों के बीच थोड़ी देर के लिए दहशत का माहौल भी देखा गया। मेघालय के अलावा दक्षिणी असम और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों में भी कंपन महसूस किए जाने की खबरें सामने आई हैं। हालांकि स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियों ने स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी और किसी बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं की।

## बिल्डिंग में आग, 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक युवक और दो महिलाएं हैं। 6 लोगों को बचाया गया है, सभी अस्पताल में भर्ती हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। धीरे-धीरे आग पांच मंजिला बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छत का ताला काटकर लोगों को बचाया। फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार देर रात 2:35 बजे से 2:37 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल मिलीं। आग तारा अपार्टमेंट के पास गली नंबर 1 में स्थित एक इमारत में लगी थी। इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की खबर मिलने के बाद फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया। 3:45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

## ट्रैनिंग के दौरान धमाका, 2 जवान घायल

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शुक्रवार को एलओसी के पास धमाका हो गया। इस हादसे में सेना के दो जवान घोयल हो गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक एलओसी के पास फॉरवर्ड एरिया में ट्रैनिंग एक्सरसाइज के दौरान अचानक ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। हादसे में घायल दोनों जवानों को पुंछ के 425 आर्मी फील्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## वाराणसी में जिला जज की कुर्सी पर बैठी महिला, हंगामा

**-बोली- आज मैं सुनवाई करूंगी, गवाह और सबूत पेश करिए; पुलिस ने खींचकर उतारा**

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी में शुक्रवार सुबह 9 बजे जिला जज की कुर्सी पर एक महिला बैठ गई। कुर्सी पर बैठते ही हैमर पटकते हुए चिल्लाई- ऑर्डर-ऑर्डर। वकीलों से कहा- आज मैं जिला जज हूं। गवाह और सबूत पेश करिए। आज सारे मामले की सुनवाई मैं करूंगी। जो भी काम हो हमको बताया जाए। इसके बाद फाइलें उठाकर उनको पलटना शुरू कर दिया। एकाएक हुए इस घटनाक्रम से वकील चौंक गए। उन्होंने वीडियो बनाना शुरू किया तो महिला भडक़ गई। वकीलों ने महिला को बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन वह कुर्सी पर ही बैठी रही। इसके बाद महिला पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर कैंट थाने लेकर चली गई। करीब एक घंटे तक यह ड्रामा चला। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जिला जज अवकाश पर थे। शुक्रवार सुबह जिला कोर्ट खुला। कर्मचारियों ने जिला जज समेत सभी कोर्ट में आज सुनवाई के लिए प्रस्तावित मुकदमों की फाइलें रख दीं। तभी शिवपुर निवासी बुज गुप्ता की पत्नी वंदना गुप्ता (50) कोर्ट में घुस आईं। जिला जज के आने का समय पूछा। कुछ देर बाद वह जिला जज की डायस पर पहुंच गईं और कुर्सी पर बैठ गई। हैमर उठाकर टेबल पर पटकते हुए जोर से चिल्लाकर कहा- ऑर्डर-ऑर्डर। यह सुनकर कोर्ट रूम में मौजूद वकील खड़े हो गए। यह देखकर वंदना गुप्ता बोली कि आप लोग खड़े मत हो। गवाह और सबूत पेश करिए। जो भी काम हो मुझे बताइए।

## नटराजन मामला : कांग्रेस का प्रदर्शन, पहले वोट चोरी, अब सीट चोरी का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश से अपनी राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के विरोध में प्रदर्शन किया। दिल्ली में जुटे मध्य प्रदेश कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अनेक विधायकों ने भाजपा पर वोट चोरी के बाद अब सीट चोरी का आरोप लगाया। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने घटना को देश के इतिहास में पहली बार हुई सीट चोरी बताया। उन्होंने कहा कि आजकल जहाँ वोट चोरी और ईवीएम में गड़बड़ी की चर्चा थी, वहीं अब भाजपा ने चुनाव से पहले ही सीट चोरी कर ली है। कांग्रेस नेता सिंह ने आरोप लगाया कि जब नटराजन ने अपना नामांकन जमा किया था, तब भी भाजपा कांग्रेस विधायकों को प्रलोभन देने और सौदा करने का पूरा प्रयास कर रही थी। उन्होंने 2020 के ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रकरण का जिक्र कर कहा कि वर्तमान विधायकों को भाजपा के साथ सौदा करने का मतलब आत्महत्या करना बखूबी एहसास था। विधायकों के एकजुट खड़े रहने के बाद भाजपा पर बेबुनियाद तरीके से नोटिस ढूंढ़कर नामांकन रद्द कराने का आरोप लगाया गया। जयवर्धन सिंह ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार, गैर-संज्ञेय अपराध के नोटिस का नामांकन में उल्लेख करना अनिवार्य नहीं है, केवल एफआईआर या न्यायिक जाँच का ही उल्लेख करना पड़ता है। उन्होंने देश के 80 साल के इतिहास में पहली बार एक गैर-संज्ञेय अपराध के नोटिस के आधार पर उम्मीदवारी खारिज किया जाना बताया। वहीं कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने दिन को लोकतंत्र के लिए काला दिन करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा जहाँ 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की बात करती है, वहीं वह अपनी तीन राज्यसभा सीटों पर एक भी महिला को मौका नहीं देती और जब कांग्रेस मौका देती है, तब उस खत्म करने में पूरी ताकत लगा देती है। उन्होंने भाजपा पर विधायक खरीदकर वोटिंग से बचने का आरोप भी लगाया। राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने की बात अब स्पष्ट रूप से दिख रही है। विधायक विवेक पटेल ने इस लोकतंत्र की हत्या बताया, जो 2014 के बाद से भाजपा सरकार द्वारा लगातार की जा रही है।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, चली तेज आंधी-बारिश, लोगों को मिली राहत

**-पाक सीमा से सटे इलाकों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना, रेड अलर्ट जारी**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है। तेज आंधी, बिजली और धूल भरे तूफान आया। मौसम के इस आक्रामक रूप को देखते हुए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस समय सेंट्रल पाकिस्तान और उससे सटे इलाकों के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। यह हवाओं का एक ऐसा जाल है जो अपने आसपास के क्षेत्र में भारी वायुमंडलीय अस्थिरता पैदा करता है। इस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के मजबूत होने के कारण उत्तर-पश्चिम भारत, खासकर दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के वायुमंडल में अचानक उथल-पुथल शुरू हो गई है। जब यह पाकिस्तान की तरफ से आ रही गर्म हवाएं भारत के मैदानी इलाकों की नमी से मिलती हैं, तो यह तीव्र आंधी और गरज-चमक वाले बादलों का निर्माण करती हैं। यही कारण है कि दिल्ली-एनसीआर में अचानक 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलने लगीं, जो कभी-कभी 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार को भी छू रही हैं।

मौसम विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट का मतलब होता है- तुरंत कदम उठाएं और सुरक्षित रहें। यह अलर्ट तब जारी किया जाता है जब मौसम इतना खराब हो कि उससे जान-माल के नुकसान का खतरा हो। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों तक दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बिजली, धूल का गुबार और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

इस तूफान और बारिश का एक सकारात्मक पहलू यह है कि इसने दिल्लीवासियों को पिछले कई दिनों से सता रही उमस और भीषण गर्मी से राहत दी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार से यह सिस्टम और मजबूत हो सकता है, जिससे बारिश और तेज हवाओं का दौर आगे भी जारी रहेगा। खराब मौसम को देखते हुए मौसम विभाग ने नागरिकों और स्थानीय प्रशासन के लिए सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं।



गाइडलाइन के मुताबिक मजबूत इमारतों में शरण लें, तूफान के दौरान तुरंत किसी पक्के और सुरक्षित मकान के अंदर चले जाएं। कमजोर संरचनाओं से दूर रहें, टिन शेड, साइनबोर्ड, कच्चे मकानों और निर्माणाधीन इमारतों के पास बिल्कुल न खड़े हों। आंधी में पेड़ उखड़ने या उनकी शाखाएं टूटने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है, इसलिए इनके नीचे गाड़ी पार्क न करें और न ही खुद खड़े हों। घरों के अंदर रहने के दौरान भी शीशे वाली खिड़कियों से दूर रहें। इस दौरान नदी, तालाब या जलभराव वाले इलाकों के पास जाने से बचें। पाकिस्तान से उठे इस वेदर सिस्टम का असर अगले 24 से 48 घंटों तक रह सकता है, इसलिए सतर्कता ही इस मौसम में सबसे बड़ा बचाव है।

## इंडिगो फ्लाइट में बम लिखा टिशू पेपर मिला, विमान से यात्रियों को उतारा

**-विमान और सामान की तलाशी ली, नहीं मिली संदिग्ध वस्तु, यात्री हुए परेशान**

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब उड़ान भरने से पहले विमान के टॉयलेट में बम लिखा हुआ एक टिश्यू पेपर मिला। लखनऊ से



सुबह 11.15 बजे इंडिगो एयरलाइन के दिल्ली जाने वाले विमान 6ई2111 के टॉयलेट में किसी ने एक टिश्यू पेपर पर बम होने की सूचना लिखकर रख दी। इसके बाद विमान को एसटीसी से संपर्क के बाद टैक्सी वे एरिया में लाया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीआईएसएफ समेत सभी सुरक्षा एजेंसियों ने यात्रियों और उनके सामान को उतार नीचे उतारा। विमान और सामान की तलाशी ली गई। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत करीब 180 यात्रियों वाली इस फ़्लाइट को एप्रन पर ही रोक दिया गया। सुरक्षा कर्मियों ने विमान की सघन तलाशी ली गई, जिसमें कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच के बाद इस खतरे को पूरी तरह झूठा बताया। जरुरी सुरक्षा और कानूनी प्रक्रियाओं के चलते विमान की उड़ान में देरी हुई। अधिकारी ने बताया कि टिशू पेपर पर बम शब्द किसने लिखा और इसके पीछे किसका हाथ है इसका पता लगाया जा रहा है। इस पूरी छानबीन में विमान में बैठे 180 यात्री परेशान होते रहे। बता दें यह कोई पहली बार नहीं है जब कि इंडिगो विमान में बम की झूठी सूचना दी गई हो। पहले भी कई मौकों पर ऐसा हो चुका है और हर बार यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में तो सुरक्षाकर्मियों ने आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

## दलाई लामा के घुटने की हुई रिप्लेसमेंट सफल सर्जरी, अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा की बाएं घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। इसके साथ ही, उन्हें अस्पताल से भी छुट्टी दे दी गई है। दलाई लामा ने एक्स पर अपने स्वास्थ्य को लेकर यह अपडेट साझा किया है। डॉक्टरों ने बताया कि वर्तमान प्रक्रिया के बाद उनकी स्थिति स्थिर है और स्वास्थ्य में सुधार जारी है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के मेडिकल, नर्सिंग और प्रशासनिक स्टाफ ने उनके उपचार में उत्कृष्ट देखभाल प्रदान की है।

नई दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. राजेश मल्होत्रा के मुताबिक दलाई लामा की बाएं घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी सोमवार को हुई थी। इलाज के दौरान दलाई लामा की निजी मेडिकल टीम और उनके कार्यालय ने अपोलो अस्पताल के प्रशासनिक एवं चिकित्सकीय कर्मचारियों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा। उन्होंने बताया कि दलाई लामा की स्थिति स्थिर है और उनके पूरी तरह स्वस्थ होने की उम्मीद है। उन्हें शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि दलाई लामा की सेवा करने का अवसर अस्पताल और चिकित्सा दल के लिए अत्यंत सम्मान की बात रही। बता दें इससे पहले जून 2024 में दलाई लामा ने न्यूयॉर्क सिटी के हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी में दाएं घुटने का सफल प्रत्यारोपण कराया था, जिसके बाद उनकी रिकवरी अच्छी रही थी। पिछले काफी समय से दलाई लामा हिमाचल प्रदेश के मैकलोडगंज में ही रह रहे हैं। 1959 में तिब्बत छोड़ने के बाद से वह भारत में शरण लिए हुए हैं और उन्होंने धर्मशाला को अपना स्थायी निवास बनाया है। बताया जा रहा है कि घुटने की सर्जरी करवाने के बाद दलाई लामा जून के अंत में लद्दाख जाएंगे। वहां वे एक विस्तारित अवधि तक प्रवास करेंगे। लद्दाख में उनके कार्यक्रमों और प्रवास की विस्तृत जानकारी बाद में जारी होगी।

# एनसीपी में बगावत, कांग्रेस ने कहा- विलय का रास्ता खुला

**शरद पवार की पार्टी से तीन विधायक हुए बागी**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारों से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस हाईकमान ने शरद पवार को अपनी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) का कांग्रेस में पूरी तरह से विलय करने का एक बड़ा प्रस्ताव दिया है। इस बड़े सियासी घटनाक्रम के बीच शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट में आंतरिक कलह और फूट भी खुलकर सामने आ गई है, जिसने राज्य की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। एक तरफ जहां विलय की चर्चाएं गर्म हैं, वहीं दूसरी तरफ शरद पवार गुट के तीन विधायकों- उत्तमराव जानकर, अभिजीत पाटिल और नारायण पाटिल-ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण से मुलाकात की है। माना जा रहा है कि टिकट वितरण से नाराज ये तीनों विधायक जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं। यह मुलाकात सोलापुर में महायुति के नेताओं की एक बैठक के दौरान हुई, जिसमें सांगोला से शेकप विधायक



बाबासाहेब देशमुख भी उपस्थित थे।

दरअसल, इस पूरी बगावत की मुख्य वजह सोलापुर विधानसभा सीट पर टिकट का बंटवारा है। यहां भाजपा के राजेंद्र राउत के सामने शरद पवार गुट ने वसंतराव देशमुख को अपना उम्मीदवार बनाया है। वसंतराव देशमुख को सांसद धैर्यशील मोहिते पाटिल का बेहद करीबी माना जाता है। ऐसे में इन तीन विधायकों की नाराजगी और भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने के संकेत मोहिते पाटिल के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका माने जा रहे हैं। इन विधायकों ने उम्मीदवार चयन को लेकर पहले भी सार्वजनिक रूप से अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि तब तैयार हुई जब शिवसेना के उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने सुझाव दिया था कि जो पार्टियां कांग्रेस से अलग होकर बनी हैं, जैसे तृणमूल कांग्रेस और एनसीपी, उन्हें अब वापस कांग्रेस में शामिल हो जाना चाहिए। संजय राउत का मानना है कि आज के दौर में क्षेत्रीय दलों को अपने-अपने राज्यों में अस्तित्व की लड़ाई लड़ने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय मंच की जरूरत है और इसके लिए उन्हें कांग्रेस की मदद लेनी चाहिए। इस सुझाव पर प्रतिक्रिया देते हुए शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि संजय राउत उनके बड़े भाई जैसे हैं और उनका यह सुझाव स्वागत योग्य है, हालांकि भविष्य में क्या होगा यह समय तय करेगा। इसके साथ ही सुप्रिया सुले ने विपक्षी दलों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले शिवसेना तोड़ी गई, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है, इसलिए वे इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी हैं। इस बीच, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने भी इस सुर में सुर मिलाया है। उन्होंने संजय राउत के बयान का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा कि बिखरे हुए दलों को देशहित में एक मंच पर आना चाहिए और राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता स्वीकार कर लेना चाहिए। बहरहाल, विलय के इस बड़े प्रस्ताव और अपने ही विधायकों की बगावत ने शरद पवार गुट के सामने एक साथ दोहरी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

## प्रणीत मोरे विवाद पर फडणवीस, स्टैंड-अप कॉमेडी में मर्यादा का ध्यान रखना जरूरी

मुंबई (एजेंसी)। स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणीत मोरे के शो को लेकर उठे विवाद के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है, लेकिन इसका उपयोग करते समय समाज, संस्कृति और लोगों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए। सीएम फडणवीस ने जोर दिया कि जब अभिव्यक्ति की कोई शैली तय सीमाओं से आगे निकलती है, तब उसका समाज और आम लोगों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, इसलिए इसका इस्तेमाल जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से स्टैंड-अप कॉमेडी देखना पसंद है, लेकिन कॉमेडियन को यह समझना चाहिए कि उनके शब्द और प्रस्तुतियां समाज में किस तरह का संदेश दे सकती हैं; कॉमेडी के साथ सामाजिक मर्यादाओं का पालन भी आवश्यक है। यह विवाद प्रणीत मोरे के स्टैंड-अप शो से जुड़े कुछ वीडियो और क्लिप के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सामने आया, जिसमें महिलाओं, सहमति और मृत व्यक्तियों को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के आरोप लगे हैं। इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने स्वत: संज्ञान लेकर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक से त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। आयोग ने सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, साथ ही मोरे तथा हिमांशु जांगड़ा को 22 जून को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया है। वहीं, महाराष्ट्र साइबर विभाग ने भी प्रणीत मोरे, हिमांशु जांगड़ा, डॉक्टर सेजल पवार सहित अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# पीएम मोदी के पास समारोह में शामिल होने का समय है, अमेरिकी हमले की निंदा का नहीं

**-3 भारतीय नाविकों की मौत पर भड़के ओवैसी, बोले- बार-बार विफल साबित हो रही सरकार**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओमान तट के पास एक वाणिज्यिक पोत पर अमेरिकी सेना के हमले में तीन भारतीय की मौत के बाद देश में सियासत गरमा गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। ओवैसी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के पास समारोहों में शामिल होने के लिए तो समय है, लेकिन अमेरिकी हमले में मारे गए भारतीयों की मौत की निंदा करने का समय नहीं है। ओवैसी ने दावा किया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में काम करने वाले भारतीय नागरिकों और नाविकों की जान की रक्षा करने में बार-बार विफल साबित हो रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओवैसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीयों की जान बचाना सरकार का पहला कर्तव्य है। यह दुखद और व्यथित करने वाला है कि पीएम मोदी के पास समारोहों के लिए समय है लेकिन भारतीयों की जान लेने के लिए अमेरिकी सेना की निंदा करने का समय नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भारत के इतिहास में कभी इससे कमजोर सरकार रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस अब भी भारतीयों को सैनिकों के रूप में भर्ती कर रहा है ''जो कई मारे जा रहे हैं'' लेकिन सरकार असहाय है।

ओवैसी ने कहा कि सरकार फिल्मों में चीन का नाम लेने या गलवान की लड़ाई दिखाने की इजाजत नहीं देती और अब अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में भारतीय नाविकों के साथ यह हुआ है। एक देश के रूप में हम इससे बेहतर के हकदार हैं। जय हिंद। भारत ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने पिछले चार दिन में ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल वाले तीन वाणिज्यिक पोतों पर हमला किया जिसमें तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। भारत ने कहा कि उसने इस मामले को अमेरिका के समक्ष सख्ती से उठाया है।

# अब 'कॉकरोचों' ने लखनऊ में प्रदर्शन कर धर्मेन्द्र प्रधान का मांगा इस्तीफा

**लखनऊ (एजेंसी)।** केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को उप्र की राजधानी लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने पेपर लीक और परीक्षाओं में हो रही अनियमितता को पुरजोर तरीके से उठाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए। युवाओं ने प्रदर्शन करते हुए नीट पेपरलीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



वहीं, प्रदर्शन को देखते हुए ईको गार्डेन और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल व आरएएफ की टीमों की तैनाती की गई थी। लखनऊ आगमन पर सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। अभिजीत जब ईको गार्डेन में प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे तो भीड़ में फंस गए। हालांकि, कुछ देर बाद प्रदर्शनकारियों से मिले और उन्हें संबोधित किया और फिर धरने पर बैठ गए। हालांकि पहले खबर आई थी कि कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को लखनऊ में अनुमति नहीं मिली। बाद में कॉकरोच पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके के लखनऊ पहुंचने के बाद पुलिस के प्रदर्शन में भाग लेन की अनुमति की खबर सामने आई। इस बीच लखनऊ में शुक्रवार को भीषण गर्मी का असर दिखा। प्रदर्शनकारी छात्र पेड़ों की छांव तलाशते दिखे। वहीं, अभिजीत दीपके भी कार्यक्रम स्थल पर महज 28 मिनट ही टिक पाए। इसके बाद इनोवा गाड़ी पर सवार होकर चलते बने। इस दौरान छात्रों ने कॉकरोच पार्टी प्रमुख के रवैये को नाराजगी जताई।

छात्र ग्रुप ने कॉकरोच जनता पार्टी पर छात्रों के आंदोलन का क्रेडिट चुराने का आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि हमलोगों ने प्रयागराज में आंदोलन का ऐलान किया था। प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी के मुद्दे पर लगातार छात्र राजनीति गरमाई रही है। 29 मई के आंदोलन के दौरान 12 जून को लखनऊ में प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। छात्र गुट का कहना है कि यह शिक्षकों और छात्रों का प्रोटेस्ट है। हम अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। इससे कॉकरोच पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। छात्र संगठनों ने दावा किया कि आंदोलन में भाग लेने आए कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके महज 28 मिनट ही आंदोलन स्थल पर टिक पाए।

# अहमदाबाद विमान हादसा: एक साल बाद भी सवालों के घेरे में जांच

**पायलटों के संगठन ने उठाए गंभीर सवाल**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** ठीक एक साल पहले, 12 जून 2025 को गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान एआई171 एक भीषण हादसे का शिकार हो गया था। इस दर्दनाक क्रैश में एक यात्री को छोड़कर विमान में सवार सभी 241 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में न केवल विमान के पायलट, क्रू मेंबर और यात्री मारे गए, बल्कि एक मेडिकल कॉलेज के कैंपस में विमान गिरने के कारण जमीन पर मौजूद कई अन्य लोग भी असमय काल के गाल में समा गए। आज इस भयावह हादसे को पूरा एक साल बीत चुका है, लेकिन हादसा क्यों और कैसे हुआ? तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार था? जैसे बुनियादी और अहम सवालों के ठोस जवाब आज भी सामने नहीं आ सके हैं। इस बीच, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलटों (एफआईबी) ने दुर्घटना की चल रही जांच पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए इसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पायलटों के इस शीर्ष संगठन ने विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की पारदर्शिता और जांच की तकनीकी दिशा पर उंगली उठाई है। संगठन का दावा है कि क्रैश होने से पहले विमान ने कई तकनीकी चेतावनियां जारी की थीं, जिन्हें पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। संगठन के प्रमुख कैप्टन सीएस रंधावा ने इस संबंध में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि बोइंग 787 विमान ने उड़ान भरने से पहले और यात्रा के दौरान कम से कम 10 इनक्रिप्टेड यानी कोड वर्ड में हेल्थ मॉनिटरिंग कोड भेजे थे। उन्होंने शुरुआती जांच पर कड़ा असंतोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि जांच अधिकारियों ने वास्तविक तकनीकी खराबी या इलेक्ट्रिक फेल्योर की संभावनाओं को खंगालने के बजाय, बहुत ही जल्दबाजी में पूरा ध्यान केवल पायलट की गलती साबित करने पर केंद्रित कर दिया।

कैप्टन रंधावा ने दावा किया कि विमान के एयरक्राफ्ट कम्युनिकेशन एड्रेसिंग एंड रिपोर्टिंग सिस्टम द्वारा भेजे गए इन महत्वपूर्ण संदेशों को शुरुआती जांच रिपोर्ट से गायब कर दिया गया। ये विशेष कोड विमान के उड़ान भरने से महज 15 मिनट पहले और उड़ान के दौरान सिस्टम द्वारा भेजे गए थे। इन कोड संदेशों को केवल विमान निर्माता कंपनी बोइंग ही डिकोड कर सकती है, यहां तक कि एयरलाइन खुद भी इन्हें सीधे नहीं पढ़ सकती। यह अत्याधुनिक सिस्टम दोनों इंजनों की गति, तेल और हाइड्रोलिक प्रेशर सहित सैकड़ों तकनीकी मापदंडों की निगरानी कर रिपोर्ट भेजता है। संगठन ने उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर मांग की है कि इस बेहद संवेदनशील डेटा को तुरंत डिकोड कर सार्वजनिक किया जाए, ताकि हादसे की असली वजह सामने आ सके।

जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए संगठन ने पूछा कि हादसे में चमत्कारिक रूप से जीवित बचे एकमात्र यात्री से पूरे 10 महीने तक कोई पूछताछ क्यों नहीं की गई? इसके साथ ही उन्होंने दिवंगत पायलट के 91 वर्षीय बुजुर्ग पिता को जांच के नाम पर प्रताड़ित किए जाने का भी आरोप लगाया। रंधावा के अनुसार, इस विमान में दिल्ली से अहमदाबाद आते समय ही तकनीकी खराबी की सूचना मिली थी, जहां इसकी स्टेबलाइजर से जुड़ी समस्या के कारण कुछ मोटर बदले गए थे और आनन-फानन में इसे दोबारा उड़ान की



हरी झंडी दे दी गई थी। हादसे में बचे एकमात्र यात्री के बयान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि टेकऑफ और लैंडिंग के समय विमान की लाइटें लगातार टिमटिमा रही थीं, जो विमान में किसी बड़े इलेक्ट्रिक फेल्योर का स्पष्ट संकेत था, जिसकी गहन तकनीकी जांच होनी अनिवार्य है।

# जीजा-साले की मौत ने बुझाए दो घरों के इकलौते चिराग: भोजन प्रसादी में जा रहे थे, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, लग्जरी बस पर भी पुलिस को शक

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** मंगरोप और बड़लियास थाना क्षेत्र की सरहद पर स्थित कालीराडिया रोड पर शनिवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार जीजा और साले की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक रात्रि जागरण एवं भोजन प्रसादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से निकले थे,लेकिन महज तीन किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद ही काल के ग्रास बन गए।हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम छा गया है।

मृतक अपने-अपने परिवारों के इकलौते पुत्र थे,जिससे यह हादसा दो परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति बन गया।पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह टेलीफोन के माध्यम से सूचना मिली कि आमा से कालीराडिया रोड पर एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में पड़ी है तथा दो व्यक्ति सड़क किनारे अचेत पड़े हुए हैं।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।वहां एक क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल और दो युवक पड़े मिले।जांच करने पर दोनों की मौत होना सामने आया।मृतकों की पहचान राहुल वैष्णव (25) पुत्र निवासी दलेल सिंह का खेड़ा,थाना मंगरोप तथा दीपक वैष्णव (18) निवासी कान्याखेड़ी,थाना हमीरगढ़ के रूप में हुई।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमा की मोर्चरी में रखवाया था।जहां से पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए। मंगरोप थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसी अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मारने की बात सामने आई है।हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।मामले की सूचना बड़लियास थाना पुलिस को भी दे दी गई।अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।





### सीसीटीवी में दिखी तेज रफ्तार लग्जरी बस,पुलिस को हादसे की आशंका

पुलिस हादसे को अंजाम देने वाले वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।घटना स्थल से कुछ दूरी पर स्थित एक पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए हैं।फुटेज में दोनों युवकों के निकलने के कुछ समय बाद एक तेज रफ्तार लग्जरी बस गुजरती दिखाई दी है।पुलिस ने आशंका जताई है कि हादसे में उक्त बस की भूमिका हो सकती है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही दुर्घटना करने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जागरण के बाद प्रसादी में शामिल होने जा रहे थे दोनों

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक राहुल,दीपक का जीजा था। दोनों शुक्रवार रात बड़लियास क्षेत्र के खरोन का खेड़ा में आयोजित रात्रि जागरण के बाद शनिवार सुबह होने वाली भोजन प्रसादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे।शनिवार सुबह करीब 4 बजे दोनों दलेल सिंह जी का खेडा से निकले थे,लेकिन कुछ ही दूरी पर हादसे का शिकार हो गए।

### डेढ़ साल की बेटी के सिर से उठा पिता का साया

मृतक राहुल वैष्णव विवाहित था और उसकी डेढ़ साल की एक मासूम बेटी है।वह परिवार का इकलौता पुत्र था तथा उसकी एक बहन है।राहुल स्वयं का टेम्पो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था।उसकी असमय मौत से पत्नी,बेटी और पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### तीन बहनों का इकलौता भाई था दीपक

वहीं 18 वर्षीय दीपक वैष्णव तीन बहनों का इकलौता भाई था। वह कक्षा 11वीं का छात्र था और पढ़ाई कर रहा था।कम उम्र में हुई उसकी मौत से परिवार सदमे में है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दोनों मृतकों के गांवों में पसरा मातम

एक ही हादसे में दो युवकों की मौत की खबर फैलते ही दलेल सिंह का खेड़ा,कान्याखेड़ी तथा आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई।सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमा पहुंच गए।अस्पताल परिसर में दिनभर गमगीन माहौल बना रहा। इस दर्दनाक हादसे ने दो परिवारों के इकलौते चिराग बुझा दिए।फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है और मामले की गहन जांच जारी है।

# शहीद अग्निवीर युवराज सिंह के परिजनों से मिलीं सांसद महिमा कुमारी

**23 वर्ष की उम्र में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत युवराज सिंह के घर पहुंचीं राजसमंद सांसद, बंधाया ढांढस**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने आज भीम विधानसभा क्षेत्र के लगेतखेड़ा गांव का दौरा किया। यहाँ उन्होंने जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद अग्निवीर युवराज सिंह रावत के परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### देश को सदैव प्रेरित करेगा युवराज का बलिदान

शहीद के परिवार को ढांढस बंधाते हुए सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि युवराज सिंह ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया है। उनके इस सर्वोच्च बलिदान से न केवल राजसमंद और राजस्थान, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा: 'मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में युवराज सिंह रावत ने जिस अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, वह हमारी युवा पीढ़ी के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा। दुख की इस घड़ी में शहीद का परिवार अकेला नहीं है, पूरा देश और समाज उनके साथ मुस्तैदी से खड़ा है।'

### खिलाड़ी से अग्निवीर बनने का सफर

उल्लेखनीय है कि लगेतखेड़ा निवासी युवराज सिंह रावत एक सैन्य परंपरा वाले परिवार से ताल्लुक रखते थे। देश सेवा के जज्बे के साथ-साथ वे राष्ट्रीय स्तर के बेहतरीन कबड्डी खिलाड़ी भी रहे थे। वर्ष 2022 में वे भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए थे।

बीते 6 मई 2026 को जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए एक कड़े अभियान के दौरान उन्होंने देश की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी।

# ब्यावर में विकास की गूंज: केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल, कलेक्ट्रेट में उमड़ी भारी भीड़



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** केंद्र सरकार के गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रदर्शनी '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' के दूसरे दिन भी जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्यावर के नागरिकों ने भारी उत्साह दिखाते हुए विकास कार्यों को करीब से देखा और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की बारीकियों को समझा।

प्रदर्शनी में सरकार के ऐतिहासिक फैसलों, नवाचारों और उपलब्धियों को बेहद आकर्षक और जानकारीपूर्ण फोटो पैनल्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जो आने वाले हर आगंतुक के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं।

### एक ही छत के नीचे तमाम सरकारी विभाग, अधिकारी खुद दे रहे हैं जानकारी

प्रदर्शनी में आमजन की सुविधा के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों द्वारा विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर तैनात विभागीय अधिकारी और कर्मचारी आने वाले नागरिकों को न केवल योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, बल्कि उन्हें निम्नलिखित बिंदुओं पर भी गाइड कर रहे हैं: योजनाओं की पात्रता: कौन व्यक्ति किस योजना का लाभ ले सकता है।

आवेदन प्रक्रिया: फॉर्म भरने से लेकर जरूरी दस्तावेजों की लाइव जानकारी।

मिलने वाले लाभ: योजनाओं से आम आदमी के जीवन में आने वाले बदलावों का ब्योरा।

### इन विभागों के लगे हैं स्टॉल:

जलदाय विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, नगर परिषद, पशुपालन, खेल, आयुर्वेद तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग।

### ब्यावर के नागरिकों ने की सराहना

'इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पिछले 12 वर्षों में हुए सुशासन और विकास के कार्यों को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने अधिकारों और लाभ से वंचित न रहे।'

प्रदर्शनी देखने पहुंचे स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास को खूब सराहा। लोगों का कहना था कि एक ही स्थान पर सभी विभागों की जानकारी मिलने से उन्हें योजनाओं को समझने में काफी आसानी हो रही है। ब्यावर कलेक्ट्रेट में कल (तीसरे दिन) भी यह प्रदर्शनी नागरिकों के लिए खुली रहेगी।

**ब्यावर में नकली पान मसाला फैक्ट्री का भंडाफोड़**

# रजनीगंधा और तानसेन के नाम पर बिक रहा था 'जहर', 4 गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर नामी ब्रांड्स के नाम पर नकली पान मसाला बनाने वाले एक बड़े गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। जिला स्पेशल टीम और थाना ब्यावर सदर पुलिस ने एक संयुक्त और त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर के मेडिया बस्ती इलाके में चल रही एक अवैध फैक्ट्री पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नकली रजनीगंधा, तानसेन पान मसाला, तुलसी जर्दा, पैकिंग मशीनें और सप्लाई में प्रयुक्त दो लग्जरी वाहन जब्त किए हैं। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।


यह पूरी कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृताधिकारी राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में अंजाम दी गई।

### 'फर्जी ग्राहक' बनकर पुलिस ने पुख्ता की सूचना

पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि 12 जून 2026 को जिला स्पेशल टीम को विशेष मुखबिरों से सूचना मिली थी कि ब्यावर शहर के बाहरी इलाके 'मेडिया' में एक मकान के भीतर नामी ब्रांड्स का नकली पान मसाला तैयार कर बाजार में खपाया जा रहा है।

इस सूचना पर डीएसटी ने एक सटीक जाल बिछाया। पुलिस टीम के सदस्यों ने खुद 'फर्जी खरीदार' बनकर फैक्ट्री और वहां तैयार हो रहे नकली माल का गुप्त रूप से सत्यापन किया। जब सूचना शत-प्रतिशत सही पाई गई, तो डीएसटी व ब्यावर सदर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बिना वक्त गंवाए मेडिया बस्ती स्थित उस मकान पर अचानक दबिश दे दी।

जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मकान के बाहर माल की सप्लाई के लिए एक स्कोर्पियो और एक ईको वैन खड़ी मिली। पुलिस ने जैसे ही मकान के भीतर प्रवेश किया, वहां बैठे चार युवक पुलिस जाब्ते को देखकर हड़बड़ा गए और भागने की कोशिश करने लगे। मुस्तैद पुलिस टीम ने फुर्ती दिखाते हुए घेराबंदी की और चारों आरोपियों को मौके पर ही दबोच (डिटेन) लिया। जब मकान की गहनता से तलाशी ली गई, तो अंदर का नजारा देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। वहां ब्रांडेड कंपनियों की हूबहू पैकिंग तैयार करने का पूरा अवैध कारखाना चल रहा था।






### बरामदगी का ब्योरा: लाखों का नकली माल और मशीनें जब्त

पुलिस ने मौके से अवैध निर्माण और पैकिंग में प्रयुक्त भारी मात्रा में सामग्री जब्त की है, जिसमें शामिल हैं: तैयार नकली माल: 2,548 पाउच नकली रजनीगंधा, 2,000 पाउच नकली तानसेन पान मसाला और 20,000 पाउच नकली तुलसी 00 जर्दा। रॉ-मटेरियल: 160 किलोग्राम तानसेन पान मसाला पाउच के प्रिंटेड रॉल और 1,500 खाली पाउच। मशीनें: पान मसाला बनाने और उन्हें पैक करने के लिए लगाई गई 4 अलग-अलग आधुनिक मशीनें। वाहन: माल के परिवहन और सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही 1 स्कोर्पियो और 1 ईको वैन। हूबहू पैकिंग से दे रहे थे धोखा: आरोपी नामी ब्रांड्स के रैपर की इतनी सटीक नकल तैयार करते थे कि आम उपभोक्ता असली और नकली में अंतर ही नहीं कर पाता था। इसे सस्ते दामों पर बाजार में नामी ब्रांड के रेट पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा था।

### ये 4 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पुलिस ने अवैध कारोबार में संलिप्त जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम इस प्रकार हैं: नन्दलाल उर्फ नन्दू (24 वर्ष) पुत्र राजेन्द्रसिंह माली (निवासी: भेरजी की ढाणी, मण्डी चौराया, रास, ब्यावर) करण सांखला (25 वर्ष) पुत्र देवराज माली (निवासी: भेरजी की ढाणी, मण्डी चौराया, रास, ब्यावर) राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू माली (50 वर्ष) पुत्र भंवरलाल माली (निवासी: भेरजी की ढाणी, मण्डी चौराया, रास, ब्यावर) कमलेश गहलोत (24 वर्ष) पुत्र नरेन्द्रसिंह माली (निवासी: जोधपुर रोड़, नहर के पास, बर, ब्यावर) पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नेटवर्क की जांच शुरू

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। अनुसंधान में यह पता लगाया जा रहा है कि वे इस नकली माल के लिए केमिकल और कच्चा माल कहाँ से लाते थे और ब्यावर सहित आसपास के किन-किन बड़े डीलरों या दुकानदारों को यह माल सप्लाई किया जा चुका है। पुलिस को उम्मीद है कि इस नेटवर्क से जुड़े कुछ और बड़े चेहरों का भी जल्द पर्दाफाश होगा।

# मंगरोप पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध बजरी खनन पर शिकंजा, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, रेकी कर रहे 3 सहयोगी समेत 4 गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | मंगरोप

अवैध बजरी खनन के खिलाफ मंगरोप थाना पुलिस की लगातार कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।शुक्रवार को थाना पुलिस ने गुवारडी गांव स्थित बनास नदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चालक सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खनन गतिविधियों को संरक्षण देने और पुलिस की गतिविधियों की सूचना साझा करने वाले नेटवर्क का भी पर्दाफाश किया है।थानाधिकारी के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने गुवारडी गांव के पास बनास नदी में अवैध रूप से बजरी खनन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा।मौके से ट्रैक्टर चालक धनराज गुर्जर निवासी गुवारडी को गिरफ्तार किया गया।जांच में सामने आया कि कुछ लोग व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से पुलिस की लोकेशन साझा कर खनन माफियाओं को सतर्क करने का काम कर रहे थे।पुलिस ने ऐसे तीन अन्य आरोपियों को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान खनन माफियाओं की रेकी और एस्कॉर्टिंग में उपयोग की जा रही एक दुपहिया वाहन भी जब्त की है।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह वाहन अवैध खनन में लगे लोगों को पुलिस की गतिविधियों की सूचना पहुंचाने और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने के लिए उपयोग में ली जा रही थी।पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की संगठित अपराध से संबंधित नवीन धाराओं तथा खनिज एवं खनन अधिनियम (एमएमडीआर एक्ट) के तहत मामला दर्ज किया है।आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।इसके अलावा कार्रवाई की सूचना खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को भी भेज दी गई है, ताकि संबंधित विभाग अपने स्तर पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई कर सकें। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध बजरी खनन, परिवहन और इससे जुड़े संगठित गिरोहों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

लगातार कार्रवाई से बढ़ा दबावमंगरोप थाना पुलिस द्वारा पिछले कुछ दिनों से अवैध बजरी खनन के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाइयों से खनन माफियाओं पर दबाव बढ़ा है। पुलिस का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट और राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# गंगापुर में अवैध मांस विक्रेताओ पर हुई सीजिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अवैध मांस की दुकानों के विरुद्ध शनिवार को व्यापक अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही गत दिनों आयोजित जनसुनवाई के दौरान विधायक लादूलाल पितलिया की उपस्थिति में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं प्राप्त परिवादों पर संज्ञान लेते हुए की गई।

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर, तहसीलदार विजेन्द्र सिंह, थानाधिकारी लीलाधर मालवीय, अधिशासी अधिकारी कुमार मंगल सहित नगरपालिका गंगापुर की संयुक्त टीम द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पूर्व में नोटिस जारी किए जाने, नियमानुसार 72 घंटे पूर्व सूचना पत्र प्रदान करने एवं बार-बार समझाइश दिए जाने के बावजूद भी कई मीट विक्रेताओं द्वारा बिना वैध अनुमति एवं नगरपालिका नियमों के विपरीत मांस विक्रय का कार्य निरंतर किया जा रहा था। इस पर प्रशासन द्वारा मौके पर ही संबंधित अवैध मांस विक्रेताओ के विरुद्ध सीजिंग की कार्यवाही अमल में लाई गई। कार्यवाही के दौरान बिना स्वीकृति संचालित अवैध मांस विक्रेताओ की दुकानों तथा नगरपालिका अधिनियम एवं प्रचलित नियमों की अवहेलना करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कदम उठाए गए। कुछ मांस की दुकाने जो निजी भवनों में संचालित की जा रही थीं, उन्हें नियमानुसार सीज किया गया। वहीं कुछ केबिननुमा दुकानें, जो नगरपालिका भूमि पर अतिक्रमण कर संचालित की जा रही थीं, उन्हें नगरपालिका प्रशासन द्वारा जेसीबी एवं बुलडोजर की सहायता से हटाते हुए ध्वस्त किया गया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध व्यवसायिक गतिविधि, अतिक्रमण अथवा बिना अनुमति संचालित प्रतिष्ठानों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर की सुव्यवस्थित व्यवस्था, स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यवाही के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस जाप्ता एवं नगरपालिका कार्मिकों की उपस्थिति में संपूर्ण प्रक्रिया को विधिसम्मत रूप से संपादित किया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्यवाही से अवैध गतिविधियों में संलग्न लोगों में हड़कंप की स्थिति रही, वहीं आमजन ने नगर हित में उठाए गए इस कदम का स्वागत करते हुए प्रशासन की कार्यवाही की सराहना की।

# 10 साल से मिट्टी का राजमार्ग क्यों? एनएच-758 पर टोल वसूली फुल, व्यवस्थाएं गुल

**एक दशक से राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण अधूरा, विद्युत लाइनों के बीच से गुजर रहे वाहन; बिना भू-अधिग्रहण और मुआवजे के नियमों को ताक पर रखकर बना दी सड़क**

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** एक ओर जहां देश में सड़क सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए देश की सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव और सुरक्षा के प्रति बेहद गंभीर और सख्त रवैया अपनाए हुए है, वहीं दूसरी ओर भीलवाड़ा जिले के बिगोद कस्बे से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 पर एनएचएआई के अधिकारियों की घोर लापरवाही, अकर्मण्यता और मनमानी का एक अनोखा नमूना पिछले 10 वर्षों से सीना ताने खड़ा है। इस व्यस्ततम राजमार्ग पर टोल की वसूली तो कड़ाई से रोजाना धड़ल्ले से की जा रही है, लेकिन कस्बे के बीच सड़क और नाला निर्माण का कार्य पिछले एक दशक से अधूरा पड़ा है, जिससे आम जनता का जीना मुहाल हो गया है।

### 10 साल से बस स्टैंड के पास सिर्फ मिट्टी का रास्ता, नाले पड़े अधूरे:

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिगोद बस स्टैंड से करीब 200-300 मीटर की दूरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग का नामोनिशान तक नहीं है। यहाँ सड़क निर्माण करने के बजाय हाईवे अथॉरिटी ने सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ दिया है। पिछले 10 वर्षों से चौबीसों घंटे भारी और हल्के वाहन इसी उड़ती धूल और मिट्टी के बीच से गुजरने को मजबूर हैं। सड़क के दोनों तरफ पानी की सुचारू निकासी के लिए जो सीमेंटेड नाले प्रस्तावित थे, वे भी आधे-अधूरे बनाकर लावारिस छोड़ दिए गए हैं। प्राधिकरण को जनता की इस गंभीर परेशानी की कोई फिक्र नजर नहीं आ रही है।





### नियम ताक पर: न जमीन का अधिग्रहण किया, न मकान मालिकों को दिया मुआवजा:

कस्बेवासियों का आरोप है कि करीब एक दशक पूर्व राजमार्ग निर्माण के समय बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए, जितनी जगह मिली, उसमें मनमाने तरीके से नियमों को ताक में रखकर राजमार्ग निकाल दिया गया। सड़क के दोनों किनारों पर 60-70 वर्ष पूर्व बनी वैध और पुश्तैनी व्यावसायिक व आवासीय बिल्डिंगों का न तो नियम अनुसार कोई भू-अधिग्रहण किया गया और न ही पीड़ित मकान मालिकों को किसी प्रकार का मुआवजा दिया गया। यही नहीं, जिस जगह सड़क का निर्माण किया गया, उसे धरातल (जमीनी लेवल) से काफी ऊंचा उठा दिया गया, जिसके कारण अब हर साल बारिश के दिनों में आस-पास की दुकानों और घरों में पानी भरने की भारी समस्या खड़ी हो रही है।

### सड़क के बीच खड़े हैं मौत के विद्युत पोल, चंबल की लाइन भी दबाई:

अधिकारियों की लापरवाही की पराकाष्ठा यह है कि राजमार्ग बनाने से पूर्व वहाँ से गुजरने वाली हाईवोल्टेज विद्युत लाइन और पोलों को शिफ्ट तक नहीं किया गया। वर्तमान में चालू हालत में खड़े विद्युत पोलों और उनकी लोहे की कैंचियों के बीच से ही राजमार्ग का निर्माण कर दिया गया, जो आज भी सरपट दौड़ते वाहनों के बीच 'मौत का डरावना अवरोधक' बनकर खड़े हैं और किसी बड़े हादसे को खुला आमंत्रण दे रहे हैं। इसके अलावा, भीलवाड़ा की अतिमहत्वाकांक्षी चंबल पेयजल परियोजना की मुख्य लाइन एवं कस्बे की स्थानीय पेयजल पाइपलाइनों को भी राजमार्ग निर्माण के दौरान भारी मलबे के नीचे काफी गहराई में दबा दिया गया, जिससे भविष्य में उनके रख-रखाव का संकट खड़ा हो गया है।

### लगातार टोल वसूली के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग:

हाईवे पर इतनी गंभीर और जानलेवा खामियां मौजूद होने के बावजूद पिछले एक दशक से स्थानीय उपखंड प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया जाना बेहद आश्चर्यजनक है। राजमार्ग की अत्यधिक संकीर्णता (सकड़ाई) के कारण यहाँ खुलेआम आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि जब तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नियमानुसार भूमि का अधिग्रहण कर भवन स्वामियों को उचित मुआवजा नहीं देता और सड़क व बिजली पोल शिफ्टिंग का कार्य पूरा नहीं करता, तब तक इस मार्ग पर टोल वसूली तुरंत बंद होनी चाहिए और लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# मंत्री के दौरे से पहले जागा प्रशासन, महीनों से टूटी सड़क पर आनन-फानन में डाली मिट्टी

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** नगर के अंबेडकर सर्किल स्थित बुर्ज बाबा के सामने चंबल परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए कुछ माह पूर्व सड़क खोदी गई थी, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। लंबे समय से सड़क पर बने गड्ढों और उखड़े मार्ग से आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। वहीं राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जहाजपुर आगमन से ठीक पहले प्रशासन और संबंधित विभाग की सक्रियता देखने को मिली। मंत्री के गुजरने वाले मार्ग पर सड़क के गड्ढों को आनन-फानन में मिट्टी डालकर भर दिया गया।



लोगों का कहना है कि केवल उसी मार्ग पर अस्थायी रूप से मिट्टी डाली गई, जहां से मंत्री का काफिला गुजरना था, जबकि नगर के अन्य हिस्सों में टूटी और क्षतिग्रस्त सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं। इससे आमजन में नाराजगी व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया कि यदि सड़क की मरम्मत की आवश्यकता थी तो महीनों तक इसे नजरअंदाज क्यों किया गया। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों को आम जनता की परेशानियों की चिंता नहीं है, बल्कि केवल वीआईपी दौरे के दौरान व्यवस्थाएं दिखाने तक ही सीमित रह जाते हैं। नागरिकों ने चंबल परियोजना से जुड़े अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क को पूर्व स्थिति में लाने की जिम्मेदारी का पालन नहीं किया गया। उन्होंने नगर की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।

# प्रशासन व नगर पालिका ने अवैध मांस की दुकानों को सीज किया



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

गंगापुर कस्बे में प्रशासन व नगर पालिका ने शनिवार सुबह अवैध मांस की दुकानों को सीज करने का कार्य किया जिससे हड़कंप मच गया । भारी पुलिस जाप्ता के साथ बारी दरवाजा व बैंगनपुरा में अवैध रूप से चल रही मांस की दुकानों पर प्रभावी कार्रवाई की । मौके पर उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर, सहाड़ा तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, थाना अधिकारी लीलाधर मालवीय सहित भारी संख्या मे प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस जाप्ता तैनात दिखा । अवैध मांस की दुकानों पर सील चपड़ी की ओर नोटिस चस्पा किया गया । घनी आबादी क्षेत्र व धार्मिक स्थलों के निकट अवैध मांस की दुकानें चल रही थी, लगातार शिकायत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# माहेश्वरी समाज के त्रिदिवसीय श्री भक्तमाल कथा महोत्सव का हुआ भावपूर्ण समापन

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** माहेश्वरी समाज, बिजयनगर के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय श्री भक्तमाल कथा प्रवचन का भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। कथा का भावपूर्ण एवं मर्मस्पर्शी वाचन परम पूज्य संत श्री अर्जुन राम जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ।

कथा के दौरान महाराज श्री ने महान भक्तों मीरा बाई, नाभा जी, शबरी जी सहित अनेक संतों एवं भक्तों के जीवन प्रसंगों का वर्णन करते हुए भक्ति, सेवा एवं सत्संग के महत्व पर गहन व्याख्यान दिए। उनकी मधुर, सरल एवं सुग्राह्य वाणी से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम में बिजयनगर, गुलाबपुरा, हुरड़ा, आगूचा एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं सत्संग प्रेमी पहुंचे। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

आयोजन को सफल बनाने में माहेश्वरी समाज के सदस्यों एवं महिलाओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर श्री कृष्ण गोपाल नवाल, मदन गोपाल बाल्दी, गोपाल लाल जागेटिया, रमेश चंद्र गट्टाणी, रामेश्वर लाल पंडवार, बाबूलाल चौखड़ा,



शिव प्रसाद झंवर, धनराज पंडवार, दिनेश कुमार काबरा, गोपी किशन आगीवाल, श्याम आगीवाल, श्याम सुंदर बाल्दी, चिरंजी लाल नवाल, बाबूलाल आगीवाल, शंकरलाल मालू, रामपाल तोषनीवाल, राजेंद्र कुमार सोमानी, गिरधर आगीवाल, बाल मुकुंद जागेटिया, अंतिमा पंडवार, मंगला आगीवाल, पुष्पा झंवर, सुमन आगीवाल, सुमित्रा जागेटिया, स्नेहलता काबरा, मेघा जागेटिया, ऊषा आगीवाल, शांता धूत, सुमन बांगड़, सुनील सोमानी, रामप्रकाश चितलांग्या, रामलक्ष्मण लखोटिया एवं लाड मालू सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति, सहयोग एवं सेवा भावना से कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं सानंद संपन्न हुआ।

# चारागाह भूमि अतिक्रमण प्रकरण में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**गुरला।** ग्राम मोमी स्थित चारागाह (गौचर) भूमि पर वर्षों से हो रहे अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध गौचर बचाओ फाउंडेशन द्वारा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज करवाई गई शिकायत पर प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है। शिकायत संख्या 0526078 26946840 पर तहसील प्रशासन ने जांच कर पाया कि चारागाह भूमि पर अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण के संबंध में मामला प्रथम दृष्टया सही पाया गया, जिसके आधार पर राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के अंतर्गत प्रकरण संख्या 35/2026, 36/2026 एवं 37/2026 दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है । शिकायत में बताया गया था कि ग्राम भोमी की चारागाह भूमि पर अनेक व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से बाड़बंदी कर खेती की जा रही है, जिससे उक्त भूमि पशुओं के चरने के उपयोग में नहीं आ रही है। चारागाह भूमि पर अतिक्रमण ग्रामीण पशुपालकों, गौवंश एवं पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने धारा 91 के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध बेदखली कार्यवाही प्रारम्भ की है।

### गौचर बचाओ फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका

गौचर बचाओ फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से राजस्थान सहित देशभर में गौचर, चारागाह, ओरान, देवस्थल एवं अन्य सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जन-जागरण, कानूनी संघर्ष एवं प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा है।फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक गोटू सिंह मंगलपुरा के नेतृत्व में अनेक ग्रामों की चारागाह भूमि को बचाने के लिए शिकायतें, जनसुनवाई, राजस्व प्रकरण, जनहित याचिकाएँ एवं विभिन्न विभागों में अभियान चलाए जा रहे हैं। फाउंडेशन का मानना है कि चारागाह भूमि केवल पशुओं के लिए ही नहीं बल्कि भूजल संरक्षण, जैव विविधता, पर्यावरण संतुलन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। गौचर बचाओ फाउंडेशन ने कहा कि यह कार्रवाई केवल प्रारंभिक कदम है। अब प्रशासन को दर्ज प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर वास्तविक अतिक्रमणकारियों को बेदखल करना चाहिए ताकि चारागाह भूमि पुनः ग्राम समाज एवं पशुधन के उपयोग में आ सके।

### प्रशासन से मांग

फाउंडेशन ने जिला प्रशासन एवं राजस्व अधिकारियों से मांग की है कि– धारा 91 के अंतर्गत दर्ज सभी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। चारागाह भूमि की सीमांकन (डिमार्केशन) करवाई जाए। सभी अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त घोषित किया जाए। भविष्य में पुनः अतिक्रमण रोकने हेतु स्थायी सीमा चिन्ह एवं सूचना पट्ट लगाए जाएं। ग्राम स्तर पर चारागाह संरक्षण समितियों का गठन किया जाए।

### जनसहभागिता का आह्वान

गौचर बचाओ फाउंडेशन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि अपने क्षेत्र की चारागाह, गोचर, ओरान एवं सार्वजनिक भूमि पर होने वाले अतिक्रमणों की सूचना प्रशासन एवं फाउंडेशन को दें, ताकि सामूहिक प्रयासों से गौवंश, पर्यावरण एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए इन अमूल्य प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला ओर छात्रा हुए गंभीर रूप से घायल

स्मार्ट हलचल

**आसींद।** क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट ली और काले बादलों के साथ बरसात शुरू हो गई अचानक मौसम खराब होने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला एवं एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को तत्काल आसींद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमलाई गांव निवासी लाडू देवी रेबारी तथा कन्नू (14) पुत्री श्रीलाल रेबारी, जो कक्षा 7वीं की छात्रा है, अपने परिवार के साथ बराणा गांव में आयोजित एक मौसर कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान बराणा चौराहे के पास अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरि ओर महिला लाडू देवी वह छात्रा कन्नू चपेट में आ गईं। बिजली गिरने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो



गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एक पिकअप वाहन की सहायता से तत्काल आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों की स्थिति में सुधार है, हालांकि उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों ने बारिश और आंधी-तूफान के दौरान खुले स्थानों पर नहीं जाने तथा आकाशीय बिजली से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है।

# प्रभु लाल जगदीश प्रसाद सोमानी माहेश्वरी हॉस्टल का शुभारंभ 19 जून को

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के तत्वाधान में ए.बी. माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा द्वारा नवनिर्मित छात्रावास श्री प्रभु लाल जगदीश प्रसाद सोमानी माहेश्वरी हॉस्टल भीलवाड़ा का भव्य शुभारंभ 19 जून शुक्रवार को प्रातः 9 बजे छात्रावास भवन ,द ग्रीन्स कॉलोनी के पास, 200 फीट रिंग रोड, भीलवाड़ा पर उद्घाटन समारोह आयोजित होगा।

मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि उद्घाटन कर्ता पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज-कोषाध्यक्ष श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, अयोध्या होंगे,मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय व अध्यक्ष भारत विधि आयोग व पूर्व न्यायमूर्ति दिनेश



माहेश्वरी होंगे विशिष्ट अतिथि प्रमुख उद्योगपति रामपाल सोनी एवं अ. भा. मा. सभापति संदीप काबरा जोधपुर रहेंगे।

ए. बी. माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा के तहत श्री प्रभु लाल जगदीश प्रसाद सोमानी माहेश्वरी हॉस्टल के जगदीश प्रसाद ,नवनीत कुमार ,श्लोक सोमानी ने बताया कि 104 छात्रों के आवास की क्षमता वाले छात्रावास में बेहतर सुसज्जित ए सी कमरे, भोजन कक्ष एवं कैफेटेरिया ,कंप्यूटर लैब एवं 100 छात्रों के बैठने की क्षमता वाला हॉल, उत्कृष्ट अध्ययन हेतु व्यवस्था, दो लिफ्ट सीसी टीवी कैमरा एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रहेगी इसे सामाजिक स्तर पर लागत मूल्य से संचालित किया जाएगा।

### बाहर से आए विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

बाहर से आए छात्रों को रहने एवं पढ़ाई के माहौल को देखते हुए छात्रावास उच्च शिक्षा अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विद्यार्थियों को सुरक्षित अनुशासित एवं अध्ययन के अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा साथ ही बाहर से आए छात्रों के लिए भीलवाड़ा में पहला छात्रावास शिक्षा संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ ने नियमितीकरण की मांग का सोपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | राजेन्द्र पोखरना

**कोटड़ी।** महात्मा ज्योतिबा फुले मूर्ति अनावरण प्रोग्राम में पधारे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत को पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ कोटडी ने जिला सचिव सुरेश कुमार सुवालका व जिला प्रवक्ता रोहित उपाध्याय के सानिध्य में ज्ञापन दिया गया जिसमें पिछले 9 वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे हैं संविदा कर्मियों को अतिशीघ्र नियमित करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त कार्यक्रम में पधारे विधायक गोपीचंद मीणा व सांसद दामोदर अग्रवाल को भी ज्ञापन संघ द्वारा दिया गया तथा शीघ्र नियमितिकरण की मांग की गई। इस दौरान ब्लॉक संगठन मंत्री बलदेव सिंह राजपूत, महिला संगठन मंत्री सुनयना पारीक सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

# चारभुजा के लगाया बृजबाला महिला समूह ने छप्पन भोग



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बृजबाला महिला समूह के तत्वाधान चारभुजा के छप्पन भोग एवं ध्वजा आरोहण का कार्यक्रम आज शनिवार को श्री माहेश्वरी समाज की चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट भीलवाड़ा के बडा मंदिर में आयोजन किया गया, पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर महिलाओं के समूह ने छप्पन भोग का प्रसाद वितरण कर भक्तों को ठंडाई पिलाई ,चारभुजा नाथ का विशेष श्रृंगार के रूप में लक्ष्मी नारायण स्वरूप में झांकी सजाई गई।

ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया की ध्वजा आरोहण के समय बृजबाला महिला समूह की सुनीता जाजू सुधा जागेटिया, राज राठी, अरुणा राठी, स्नेहलता जाजू, ज्योति मंडोवर, सुनीता जागेटीया, अदिति मेलाना, पूजा अजमेरा, आयुषी ईनाणी, अरुणा दरक, अर्चना झवर, अंकिता राठी, उषा पटवारी सहित ट्रस्ट सरक्षक उदयलाल समदानी, रामेश्वर तोषनीवाल, ट्रस्ट अध्यक्ष चंद्र सिंह तोषनीवाल, मंत्री प्रहलाद भदादा, सत्यनारायण सोमानी राकेश पटवारी, बालमुकुंद राठी बद्रीलाल डाड, श्याम जाजु, राजेश तोषनीवाल, रमेश राठी, महावीर समदानी उपस्थित थे।

# मानसून से पहले जागा प्रशासनः विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए एईएन देवीराम मीणा ने विद्यालय भवनों का किया भौतिक सत्यापन

## बरूंदनी और धामण घट्टी सहित आधा दर्जन स्कूलों का सघन निरीक्षण; छतों से पानी टपकने व जलभराव की स्थिति का लिया जायजा, कमियों को तुरंत सुधारने के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** आगामी वर्षा ऋतु (मानसून) के दौरान राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें भयमुक्त व सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग ने कसरत तेज कर दी है। इसी कड़ी में एईएन देवीराम मीणा ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का औचक दौरा कर भवनों का गहन भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवनों की वर्तमान स्थिति, छतों से पानी टपकने की संभावना, जर्जर दीवारों, टूट-फूट, परिसरों में



जलभराव की समस्या तथा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं उपयुक्त बैठने की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया।

### आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों की टटोली नब्ज:

निरीक्षण अभियान के तहत एईएन देवीराम मीणा ने क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरूंदनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय धामण घट्टी, प्राथमिक विद्यालय देवीपुरा, घाटा वाला कुआँ, माताजी का खेड़ा, शिक्षाकर्मी विद्यालय चाड़ा की झोपड़ियाँ तथा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल स्टाफ से संवाद कर वर्षा ऋतु में पूर्व में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी भी ली।

### जोखिम का आकलन कर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

निरीक्षण के समय तकनीकी अधिकारियों ने विद्यालय परिसरों में वर्षा के दौरान संभावित जोखिमों का आकलन किया। एईएन मीणा ने संस्था प्रधानों और संबंधित अभियंताओं को आवश्यक सुधारात्मक कार्यों के लिए मौके पर ही कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मानसून सक्रिय होने से पहले छतों की मरम्मत, नालियों की सफाई और बिजली के ढीले तारों को दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर पीईईओ एवं प्रधानाचार्य बाबूलाल बैरवा, प्रियंका पाराशर, दयाल सिंह, भंवरलाल अहीर, मांगीलाल गुर्जर तथा गायत्री तिवारी सहित अन्य कार्मिक और शिक्षक उपस्थित रहे।

# संत समागम में गूंजे सनातन संस्कृति संरक्षण के संदेश, अवधेश चैतन्य महाराज का हुआ भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में शनिवार को आयोजित संत समागम में पवित्र नर्मदा नदी की परिक्रमा पूर्ण कर पहली बार पहुंचे पूज्य श्री श्री 108 अवधेश चैतन्य महाराज का संस्थान की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर महाराज का स्वागत किया।

स्वागत समारोह के पश्चात महाराज ने जोगणिया माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देश, धर्म एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति एवं धर्म की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने घर-घर में नियमित पूजा-पाठ एवं संध्या करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ियों को श्रेष्ठ संस्कार प्राप्त होंगे।

अवधेश चैतन्य महाराज ने कहा कि युवा पीढ़ी को सतमार्ग पर लाना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मंदिरों एवं धार्मिक ट्रस्टों द्वारा संस्कृति और धर्म संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने जोगणिया माता शक्तिपीठ संस्थान की गौसेवा एवं धार्मिक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जहां गौसेवा होती है, वहां स्वयं भगवान का आशीर्वाद बना रहता है।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महान संतों का आगमन समाज को नई दिशा एवं प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अवधेश चैतन्य महाराज के विचार जनमानस के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

इस अवसर पर महंत नन्द किशोर महाराज (मेंडकी महादेव), महंत बालक दास महाराज (गुप्तेश्वर महादेव) सहित अनेक संत-महात्मा, श्रद्धालु, संस्थान के पदाधिकारी, कर्मचारी, श्री जोगणिया माता वेद विद्यालय के अध्यापक एवं बटुक उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

# 7 साल से न्याय की राह देख रहा किसान, कलेक्टर से लगाई निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की गुहार

## राजस्व अधिकारियों पर आदेशों की अवहेलना और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के आरोप, सीमांकन व अतिक्रमण हटाने की मांग

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** तहसील जहाजपुर के ग्राम कांस्या निवासी छोटू पुत्र देवा मीणा ने जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर अपनी कृषि भूमि से जुड़े लंबे समय से लंबित विवाद में निष्पक्ष जांच और न्याय दिलाने की मांग की है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारियों द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशों की पालना नहीं की गई तथा राजस्व अभिलेखों के विपरीत कार्रवाई कर उन्हें वर्षों से न्याय से वंचित रखा गया।

ज्ञापन के अनुसार, उनकी कृषि भूमि आराजी संख्या 978/6 के सीमांकन एवं पत्थरगड़ी को लेकर वर्ष 2019 में प्रकरण संख्या 178/

2019 प्रस्तुत किया गया था। इस पर तत्कालीन उपखंड अधिकारी जहाजपुर ने 22 जुलाई 2019 को आदेश जारी कर भू-अभिलेख निरीक्षक खजूरी को कमिश्नर नियुक्त करते हुए 15 दिनों के भीतर पत्थरगड़ी कर पालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि सात वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक आदेश की पालना नहीं हुई। छोटू मीणा ने बताया कि वर्ष 2021 में भी उन्होंने जिला कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय द्वारा तहसीलदार जहाजपुर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और मामला लंबित



ही रहा। प्रार्थी के अनुसार, 27 मई 2026 को तहसीलदार जहाजपुर ने राजस्व टीम गठित कर ग्राम कांस्या स्थित विवादित भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए थे। आरोप है कि 3 जून 2026 को मौके पर वास्तविक अतिक्रमण हटाने के बजाय एक विशेष पक्ष को लाभ पहुंचाने की नीयत से खातेदारी भूमि को ही बिलानाम बताकर रास्ता निकाल दिया गया, जिससे उनके अधिकारों का हनन हुआ और विवाद और अधिक गहरा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ अधिकारियों ने राजस्व रिकॉर्ड एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों के अनुरूप निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया, जिससे वास्तविक अतिक्रमणकारियों को संरक्षण मिला। प्रार्थी ने इसे प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग का गंभीर मामला बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

कलेक्टर से की गई प्रमुख मांगेंः

वर्ष 2019 से अब तक की समस्त राजस्व कार्रवाई एवं अभिलेखों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। 3 जून 2026 की कार्रवाई की वीडियोग्राफी, रिपोर्ट एवं संबंधित रिकॉर्ड तलब किए जाएं। यह जांच की जाए कि वास्तविक अतिक्रमण हटाने के बजाय रास्ता किस आधार पर निर्मित किया गया। दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर विभागीय कार्रवाई की जाए। राजस्व अभिलेखों के अनुसार पुनः सीमांकन, पत्थरगड़ी एवं अतिक्रमण हटाने की निष्पक्ष कार्रवाई करवाई जाए। जांच पूरी होने तक विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश जारी किए जाएं तथा प्रार्थी को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाए। छोटू मीणा ने जिला प्रशासन से उम्मीद जताई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाएगा तथा आमजन का प्रशासन पर विश्वास कायम रखा जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का अनावरण, सामाजिक एकता व शिक्षा पर दिया जोर






स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** कस्बे में शनिवार को सवाईपुर मार्ग स्थित चोराहे पर महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा अनावरण समारोह एवं श्री चारभुजा मन्दिर प्रांगण में माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश तथा जिला भीलवाड़ा के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में एकता, शिक्षा, संगठन एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कोटड़ी में स्थापित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। साथ ही संबोधन में उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज के वंचित वर्गों, महिलाओं और शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे बड़ा माध्यम है तथा समाज को संगठित होकर युवाओं को शिक्षित और संस्कारित बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में विशिष्ट अतिथि पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने कहा कि महात्मा फुले का जीवन संघर्ष, सामाजिक सुधार और जनजागरण का प्रतीक है। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में समानता और शिक्षा का जो दीप जलाया था उसे आगे बढ़ाना आज की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सांसद ने क्षेत्र के विकास कार्यों एवं समाज की प्रगति के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जबकि जहाजपुर कोटड़ी विधायक तथा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने कहा कि समाज की उन्नति शिक्षा, संगठन और संस्कारों से ही संभव है। उन्होंने महात्मा फुले के विचारों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विधायक ने क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी देते हुए समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उत्कृष्ट 15 प्रतिभाओ को विधायक कोष से स्कूटी वितरण करने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा में समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए तथा महात्मा ज्योतिबा फुले के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर समारोह स्थल पहुंची जहां अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रतिमा अनावरण के पश्चात आयोजित आमसभा में माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश एवं जिला भीलवाड़ा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। पदाधिकारियों ने समाज हित, संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की शपथ ली। इस दौरान समाज में शिक्षा के प्रसार, युवाओं के मार्गदर्शन, सामाजिक समरसता एवं संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। समारोह में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती बाबा सांखला, भीलवाड़ा मंडी सचिव मदन लाल सेनी, प्रदेशाध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी, सत्यनारायण भाटी, आरएसएस के चित्तोड़ प्रान्त के कार्यवाह शंकर लाल माली, जिलाध्यक्ष मदन लाल सोपुरिया, राजस्थान प्रदेश महासचिव सम्पत सोपुरिया, निवर्तमान प्रधान करण सिंह कानावत, भाजपा महामंत्री कन्हैया लाल जाट, मण्ड़ल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने भी सम्बोधित किया।समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों का साफा एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। मंच से समाज के विकास, प्रतिभाओं के सम्मान, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज की नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। आयोजन माली सेवा समिति एवं माली समाज विकास संस्थान, कोटड़ी के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज की एकता, सामाजिक उत्थान, शिक्षा के प्रसार एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प दोहराया गया तथा सभी अतिथियों, समाजबंधुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोगों, महिलाओं, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

## पंचायती राज चुनाव की घोषणा जल्द-वित्त आयोग अध्यक्ष चतुर्वेदी




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

प्रदर्शनी देखने के बाद चतुर्वेदी ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब तबके के व्यक्ति को फायदा मिला है। महिला सशक्तिकरण और युवाओं को भी योजनाओं का लाभ मिला है।

सबसे बड़ी बात उन्होंने पंचायती राज और नगर निकाय चुनाव को लेकर कही। चतुर्वेदी ने बताया कि राज्य सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है और सरकार बहुत जल्द चुनाव की घोषणा करेगी। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता जो पंचायती राज और नगर निकाय चुनाव का इंतजार कर रहे हैं, उनका सपना भी बहुत जल्द पूरा होगा।

विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा और निवर्तमान महापौर राकेश पाठक सहित कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## सांसद दामोदर अग्रवाल ने कोटड़ी में विशिष्ट जनों से किया संपर्क



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** सांसद दामोदर अग्रवाल ने कोटड़ी क्षेत्र में विभिन्न विशिष्ट जनों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से संपर्क कर उनके हालचाल जाने तथा कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान उन्होंने आत्मीयता के साथ संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं, सुझावों एवं जनभावनाओं की जानकारी भी ली। सांसद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देश में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू की हैं जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना, सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, आवास, स्वच्छता एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देश आज आत्मनिर्भरता, सुशासन एवं विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने सांसद अग्रवाल का स्वागत करते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सांसद ने सभी के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कोटड़ी के सत्यनारायण पंचोली, मुरलीधर काबरा, लालचंद टेलर, सदाशिव पाराशर, सज्जन सिंह पोखरना, ओम पालीवाल, भेरूलाल तेली, रामप्रसाद वैष्णव, हीरालाल माली, महावीर पाराशर, बंसीलाल टेलर, सोहन बंडेला, सत्यनारायण गुजराती, रामेश्वर गुजराती, कन्हैयालाल सोनी, रामपाल सोनी, रामबख्श चौधरी, जमनालाल सुथार सहित अनेक प्रबुद्ध जन से रूबरू होकर हाल-चाल जाने तथा केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियो को पहुंचाया।

## कैबिनेट मंत्री गहलोत ने ग्राम पंचायत कोटड़ी के सभागार में ली विभागीय अधिकारियों की बैठक



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** राजस्थान सरकार के समाजकल्याण विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने शनिवार को ग्राम पंचायत कोटड़ी के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मंत्री गहलोत ने अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। मंत्री ने विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, विद्युत, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। बैठक में जहाजपुर कोटड़ी विधायक गोपी चन्द मीणा से विकास व समाज कल्याण विभाग के कार्यों की विस्तार से चर्चा कर विकास के आयाम में पूरा सहयोग करने व भीलवाड़ा जिले को मॉडल के रूप में तैयार करने में अहम भागीदारी का भरोसा दिलाया। वही उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी नूतन शर्मा से विभाग की गतिविधियों पर योजनावार चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस़ दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया तथा अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंत्री गहलोत ने कहा कि सरकार आमजन के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान क्षेत्र के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बाद समाज कल्याण विभाग के कार्मिकों ने मन्त्री को कोटड़ी श्याम की तस्वीर भेट की तथा माला व दुपट्टे से स्वागत किया। बैठक में सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता सम्पन्न

**अंडर-15 एवं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट खेल कौशल**

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य मं आयोजित शतरंज प्रतियोगिता का समापन महेश स्पोर्टस एकेडमी में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, धैर्य और रणनीतिक कौशल का परिचय दिया। नगर मंत्री सुरेश चन्द्र बिड़ला तथा मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की प्रतियोगिता में अंडर-15 एवं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष व महिला वर्ग मे 150 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में अंडर-15 वर्ग में बाल खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबले खेले, वहीं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अनुभवी खिलाड़ियों के बीच मुकाबले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बालक वर्ग अंडर 15 में प्रथम पार्थ सोनी, आरव डाड एवं तृतीय अथर्व पोरवाल तथा बालिका वर्ग अंडर 15 में प्रथम रीवा कोगटा, द्वितीय सान्वी सोडानी, तृतीय काव्या माहेश्वरी रही। इसी प्रकार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम आदित्य माहेश्वरी, द्वितीय अंजनेय तोशनीवाल, एवं तृतीय सोहम सोनी तथा 15 वर्ष से ऊपर की महिला वर्ग मे प्रथम ख्याति सोमानी, द्वितीय नित्य मुंद्रा, तृतीय रूचि काकानी रही। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल व मुख्य खेल प्रभारी मुकेश चेचाणी एवं सह प्रभारी सीए अकिंत लखोटिया ने बताया की समापन समारोह में उपस्थित अतिथि महेश सेवा समिति के सचिव राजेन्द्र कचोलिया, सह सचिव प्रहलादराय हिंगड़, संयोजक अतुल राठी, अध्यक्ष केदार जागेटिया व केदार गगरानी, प्रमोद डाड, गोपाल,आशीष जागेटिया सहित कैलाश डाड, दिनेश सोमानी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साह और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सह संयोजक केजी राठी एवं अर्चित मून्द्रडा ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में बौद्धिक खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस शतरंज प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

## बहू-बेटे की प्रताड़ना से परेशान बुजुर्ग ने लगाई न्याय की गुहार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के पारोली थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग द्वारा अपने ही बेटे और बहू पर प्रताड़ना, मारपीट तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित बुजुर्ग का कहना है कि दो दिन पूर्व थाना पुलिस को लिखित रिपोर्ट देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पारोली निवासी उदयलाल पुत्र हीरालाल सुथार ने अपने पुत्र देवकिशन एवं बहू के खिलाफ पारोली थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि दोनों उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं, मारपीट करते हैं तथा जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दे रहे हैं। बुजुर्ग का यह भी आरोप है कि उसे घर से बेदखल कर दिया गया है। पीड़ित का कहना है कि न्याय की उम्मीद लेकर वह पिछले दो दिनों से थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी रिपोर्ट पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इतना ही नहीं, उसने कुछ पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है।



बुजुर्ग ने कहा कि परिवार द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद वह पुलिस से मदद की उम्मीद लेकर आया था, लेकिन यहां भी उसे निराशा हाथ लगी। उसने आरोप लगाया कि थाना पुलिस का रवैया उसके प्रति नकारात्मक रहा और उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया।

मामले ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित बुजुर्ग ने चेतावनी दी है कि यदि उसे शीघ्र न्याय नहीं मिला तो उसके पास आत्मघाती कदम उठाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## झमाझम बारिश से गर्मी व उमस से मिली राहत

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार सुबह हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली । ग्रामीण अंचल में शुक्रवार रात्रि से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था और आसमान में काले बादल छाए हुए थे, जो शनिवार सुबह एक बार फिर से क्षेत्र में घने और काले बादलों ने अपना डेरा डाला, यहां देखते ही देखते तो सुबह 8:00 बजे झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ जो रुक-रुककर करीब 1 घंटे तक चला, झमाझम बारिश से गांव की सड़कों पर पानी सरपट दौड़ने लगा, वही बच्चों ने बारिश का खूब मजा लिया, सुबह हुई इस बारिश ने लोगों को पिछले कुछ दिनों से पढ़ रही गर्मी व उमस से राहत पहुंचाई, इस दौरान क्षेत्र में 10 एम.एम. बारिश दर्ज की गई, वही इस बारिश से कपास के साथ ही जिन किसानों ने मक्के की फसल की बुवाई की उसको फायदा मिलेगा।

# महेश नवमी महोत्सव के तृतीय रक्तदान शिविर में 211 युनिट रक्त संग्रहित

**नितिन स्पिनर्स लिमिटेड में स्व.रतन लाल नोलखा की पुण्य स्मृति में हुआ आयोजन, प्रत्येक रक्तदाता को मिला विशेष उपहार**

**महेश छात्रावास में होगा मेगा रक्तदान शिविर आज, युवाओं एवं समाजबंधुओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव 2026 के तहत नितिन स्पिनर्स लिमिटेड में स्व.रतन लाल नोलखा की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नितिन स्पिनर्स के चैयरमेन दिनेश नौलखा एवं नितिन नौलखा, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, ओम नरानीवाल के आतिथ्य एवं संयोजक अतुल राठी और नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया व केदार गगरानी, मंत्री सुरेश बिड़ला के नेतृत्व में भगवान महेश की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर सुबह 09.15 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 5.00 बजे तक जारी रहा।



शिविर में स्टाफ सहित कर्मचारियो का भारी गर्मी के बावजूद उत्साह देखने लायक था। मुख्य प्रभारी तरुण सोमानी व राकेश काबरा ने बताया की शिविर में 211 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्त संग्रहण रामस्नेही ब्लड बैंक और अरिहन्त ब्लड बैंक ने किया, शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक रक्तदाता को विशेष उपहार, प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया। रक्तदान मुख्य प्रभारी महेश जाजू व अंकित सोमानी ने बताया की शिविर को सफल बनाने मे कंपनी सीईओ संदीप गर्ग, जनरल मैनेजर ओपी वर्मा, महिपाल सिंह चुंडावत, एसके यादव, अशोक राणा, दिनेश काबरा, गोविंद सोलंकी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ सहित कई समाजबंधुओ द्वारा शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का संबल बढ़ाने के साथ ही मानव सेवा के लिए उनके जज्बे की सराहना की।

### महेश नवमी महोत्सव के तहत मेगा रक्तदान शिविर आज

महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन महेश छात्रावास में किया जाएगा। समाज सेवा एवं मानव कल्याण की भावना को समर्पित इस शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं के पहुंचने की संभावना है। संयोजक अतुल राठी ने बताया की आयोजन समिति ने समाजबंधुओं एवं आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें और जरूरतमंद मरीजों की सहायता में अपना योगदान दें। समिति का मानना है कि ऐसे सामाजिक आयोजनों से सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को मजबूती मिलती है। शिविर में रक्त संग्रह के लिए अनुभवी चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था की गई है। रक्तदाताओं के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही रक्तदान कराया जाएगा। साथ ही रक्तदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं एवं अल्पाहार की भी व्यवस्था रहेगी। महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाला यह मेगा रक्तदान शिविर समाज की सेवा भावना और जनकल्याण के प्रति समर्पण का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा।

## अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट बॉल दिवस पर खिलाड़ियों का हुआ सन्मान



स्मार्ट हलचल

स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीलाखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट बॉल दिवस पर सभी खिलाड़ियों ने मैदान का पूजन कर खेल भावना से खेल के महत्व को समझा। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कमलेश शर्मा ने बताया कि विगत कई वर्षों से विद्यालय के छात्र प्रतिवर्ष राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराते आए है। विद्यालय की पूर्व छात्रा आयुषी जोशी तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। विद्यालय के छात्र अभी छुट्टियों में भी निरंतर प्रातःकाल विद्यालय आकर सॉफ्ट बॉल का अभ्यास करते है। खेल से विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, मेहनत व खेलभावना का विकास होता नजर आ रहा है। प्रधानाचार्य संतोष व्यास , खेल प्रभारी कमलेश शर्मा, विद्यालय प्रभारी सुरेश राव ने सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया।

# अमर शहीद नानक भील की पुण्यतिथि पर डाबी में आदिवासी विकास मेला का आयोजन

## बरड़ क्षेत्र के ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ, 4654 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

स्मार्ट हलचल|बूंदी

स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक और वीर क्रांतिकारी शहीद नानक भील की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को जिले की डाबी ग्राम पंचायत में एक दिवसीय 'आदिवासी विकास मेले' का आयोजन किया गया। मेले में बरड क्षेत्र के ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

विकास मेले में अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) रमेश देव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि वर्मा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा और पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ने शिरकत की। अतिथियों ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत चयनित दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया। ट्राई साईकिल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।




विकास मेले में मुख्य रूप से बरड़ क्षेत्र की आदिवासी बाहुल्य पंचायत समिति तालेड़ा और बूंदी की दर्जनों ग्राम पंचायतों के बाशिंदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें तालेड़ा की ग्राम पंचायत लाम्बाखोह, गणेशपुरा, राजपुरा, गोपालपुरा बरड़, बुधपुरा, डाबी, सूतड़ा, धनेश्वर, जवाहर सागर, खडीपुर, डोरा, लक्ष्मीपुरा के साथ ही पंचायत समिति बूंदी की ग्राम पंचायत गरड़दा व लोईचा के हजारों निवासियों को लाभान्वित किया गया।

### एक ही मंच पर हुआ समस्याओं का समाधान

ग्रामीणों की सुविधा के लिए मेला स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल और शिविर लगाए गए। मेले के दौरान राजस्व, ग्रामीण विकास, चिकित्सा शिविर, रोजगार और कृषि मेले के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित समस्त प्रकार की राजकीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने जन उपयोगी सुविधाओं और व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं के आवेदन तैयार करवाकर स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दिलवाया। चिकित्सा शिविर में मौसमी बीमारियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

इस दौरान प्रभूलाल भील, मांगीलाल भील, युवराज भील, नीरज भील, जमना लाल भील, जीतमल भील, रामपाल भील, देवलाल भील, सोसर बाई, रामकरण भील, रमेश भील,महावीर भील, शिवचरण भील, गिरिराज भील, रामदास भील, लालचंद भील अरविन्द भील, मुकेश भील, गुजरात सिंह भील सहित अन्य मौजूद रहे।

आदिवासी विकास मेले में 4654 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

अमर शहीद नानक भील की पुण्य स्मृति में ग्राम डाबी में आयोजित 'आदिवासी विकास मेला 2026' ग्रामीणों के लिए लाभदायक साबित हुआ। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा ने बताया कि एक दिवसीय मेले में विभिन्न विभागों की ओर से कुल 4654 ग्रामीणों, किसानों और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। मेले में सर्वाधिक 1591 कार्य पशुपालन विभाग द्वारा किए गए। शिविर में 660 पशुओं का टीकाकरण किया गया, 600 पशुओं पर दवा का छिड़काव किया गया तथा 255 पशुओं को दवा पिलाई गई। इसके अलावा 74 पशुओं का मौके पर ही उपचार किया गया। चिकित्सा विभाग ने 1224 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 320 मरीजों की निःशुल्क जांच कर 320 लोगों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। गम्भीर बीमारियों के प्रति सतर्कता बरतते हुए 275 लोगों की टीबी व सिलिकोसिस जांच तथा 275 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई।

इसी तरह ग्रामीणों के दस्तावेजी और विकास कार्यों को गति देते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने 732 कार्यों का निस्तारण किया। इस दौरान 173 नवीन जॉब कार्ड और 94 नवीन पट्टे जारी किए गए। नरेगा योजनान्तर्गत प्रपत्र-6 के 244 आवेदन प्राप्त हुए। किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कृषि विभाग ने 553 किसानों को लाभान्वित किया। मेले में 390 किसानों को कृषि साहित्य, 52 को बीज और 27 को निःशुल्क सब्जी बीज वितरित किए गए। 26 किसानों के सॉयल हेल्थ कार्ड भी बनाए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने 72 उपलब्धियां दर्ज कीं, जिनमें 10 जरूरतमंदों को संयुक्त सहायता अंग (कृत्रिम अंग उपकरण) एवं ट्राई साइकिलें वितरित की गईं। इसके साथ ही 42 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन और 10 लोगों को पालनहार योजना से जोड़ने के आवेदन प्राप्त किए गए। राजस्व विभाग ने पीएम किसान सम्मान निधि, नामांतरण और प्रमाण-पत्रों सहित विभिन्न योजनाओं में कुल 152 को लाभान्वित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 121 और श्रम विभाग ने 55 लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा। जयपुर विद्युत वितरण निगम ने 40 नए घरेलू कनेक्शन के आवेदन लिए तथा 5 लाभार्थियों को निःशुल्क इंडक्शन स्टोव वितरित किए।

# तूफान ने लाइट के उपकरणों को किया ध्वस्त, तूफान से क्षेत्र में बिजली बंद, 24 घंटे से अंधेरे में गांव

स्मार्ट हलचल|लाखेरी

लाखेरी उपखंड के देहीखेड़ा क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम अचानक मौसम मे बदलाव हुआ और तेज धूल भरी आंधी आई जिसके कारण लाइट के पोल एवं टीनशैड को भारी नुक़सान पहुंचा। क्षेत्र में तेज अंधड़ से बिजली विभाग से जुड़े उपकरणों को भारी नुक़सान हुआ। घाट का बराणा जीएसएस से जुड़े आजन्दा फीडर की विद्युत लाइन पर घाट का बराणा के निकट करीब पांच बिजली पोल टूट गए, जबकि आधा दर्जन से अधिक पोल क्षतिग्रस्त हो गए। कई स्थानों पर पेड़ बिजली तारों पर गिरने से दर्जनों इंसुलेटर भी टूट गए। अंधड़ के कारण घाट का बराणा, आजन्दा, कोटड़ी और बलदेवपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए। वहीं करीब आधा दर्जन मकानों की टिन की चादरें तेज हवाओं में उड़ गईं। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बिजली तंत्र को हुए भारी नुकसान के चलते आजन्दा क्षेत्र के कोटडी बलदेवपुरा कोडक्या



आजन्दा गाँवो में 24 घंटे बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। विद्युत विभाग की टीम लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई है। सहायक अभियंता श्री लाल जाटव पूरे दिन मौके पर रहकर कार्यों की निगरानी करते रहे तथा बिजली व्यवस्था को शीघ्र सुचारु करने के प्रयास करते रहे। इस दौरान बिजली तकनीशियन कन्हैयालाल मीणा, राकेश मीणा सहित विभागीय कर्मचारी टीम के साथ क्षतिग्रस्त पोल, तारों और इंसुलेटरों को बदलने के कार्य में लगे रहे। विभाग का कहना है कि युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य जारी है और जल्द ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# 15 जून से 15 अगस्त तक कार्यक्रमों की श्रृंखला, रेलकर्मी, विद्यार्थी और नागरिक होंगे सहभागी

स्मार्ट हलचल|कोटा

स्वतंत्रता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा देशभक्ति एवं जागरूकता से भरपूर कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। भारतीय स्वतंत्रता के 79वें वर्ष को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से 15 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक मंडल में कुल दस विविध प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम श्रृंखला की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य रेलकर्मियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में राष्ट्रीय भावना, स्वच्छता चेतना तथा सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करना है।

इस श्रृंखला का शुभारंभ 15 जून को स्वच्छता जागरूकता रैली एवं स्वच्छता अभियान से होगा, जो कोटा मंडल की रेलवे कॉलोनियों एवं कोटा रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात 25 जून को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सीबीटी हॉल, कोटा तथा विद्युत लोको शेड, तुगलकाबाद में एक साथ 'इंडिया @79 : विज़न फॉर फ्यूचर' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 30 जून को इन्हीं स्थलों पर देशभक्ति एवं स्वच्छता विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता भी संपन्न होगी।

जुलाई माह में कार्यक्रमों की गति और तेज होगी। 3 जुलाई को रेलवे सांस्कृतिक अकादमी, कोटा में देशभक्ति गायन प्रतियोगिता होगी, तो 8 जुलाई को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के बोर्ड रूम में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं संविधान विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 15 जुलाई को कोटा रेलवे स्टेशन परिसर में सार्वजनिक जागरूकता, सुरक्षा एवं राष्ट्रीय एकता पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक का मंचन होगा। 22 जुलाई को रेलवे स्कूल जीजीसी एवं लोको बाल मंदिर स्कूल, कोटा में 'स्वतंत्रता सेनानियों' विषय पर पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग लेंगे।

अगस्त माह में आयोजनों का समापन चरण होगा। 7 अगस्त को सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में रेलवे सुरक्षा एवं नागरिक दायित्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 13 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा खिलाड़ियों के नेतृत्व में भव्य तिरंगा मार्च एवं साइकिल रैली निकाली जाएगी। अंततः 15 अगस्त को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय ग्राउंड, कोटा में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन होगा, जिसमें परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति नाटिका का मंचन किया जाएगा।

# कोटा-उज्जैन के बीच पहली बार सीधी मेमू सेवा का शुभारम्भ 15 जून से

## माननीय सांसद दुष्यंत सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे करेंगे वर्चुअल शुभारंभ, विक्रमगढ़ आलोट में माननीय सांसद अनिल फिरोजिया दिखाएंगे हरी झंडी

स्मार्ट हलचल| कोटा

कोटा मंडल के रेल इतिहास में 15 जून 2026 एक महत्वपूर्ण दिन के रूप में दर्ज होने जा रहा है। इस दिन पहली बार कोटा से उज्जैन तक सीधी मेमू रेल सेवा का संचालन प्रारंभ होगा। गाड़ी संख्या 61624/61623 कोटा-चौमहला मेमू सेवा के उज्जैन तक विस्तार के उपलक्ष्य में चौमहला एवं विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशनों पर उद्घाटन समारोह आयोजित किए जाएंगे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि प्रथम उद्घाटन कार्यक्रम प्रातः चौमहला रेलवे स्टेशन पर आयोजित होगा। इस अवसर पर झालावाड़-बारां के माननीय सांसद श्री दुष्यंत सिंह तथा राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं झालरापाटन विधायक श्रीमती वसुंधरा राजे दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेवा का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में माननीय विधायक, डग श्री कालूराम की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

उन्होंने बताया कि दूसरा उद्घाटन समारोह विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें उज्जैन के माननीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया हरी झंडी दिखाकर सेवा विस्तार का शुभारंभ करेंगे। इसमें माननीय विधायक ,आलोट डॉ. चिंतामणि मालवीय की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

नई समय-सारिणी के अनुसार गाड़ी संख्या 61624 कोटा से प्रातः 5:40 बजे प्रस्थान कर रामगंज मंडी (07:05 बजे), भवानी मंडी (07:33 बजे), शामगढ़ (08:05 बजे), चौमहला (08:38 बजे), विक्रमगढ़ आलोट (09:13 बजे) एवं नागदा (10:30 बजे) होते हुए दोपहर 12:00 बजे उज्जैन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 61623 उज्जैन से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर नागदा (14:10 बजे), चौमहला (15:25 बजे), शामगढ़ (15:53 बजे), भवानी मंडी (16:28 बजे) एवं रामगंज मंडी (16:58 बजे) होते हुए सायं 19:05 बजे कोटा पहुंचेगी।

श्री जैन ने बताया कि आगामी सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह सेवा विस्तार किया गया है। इससे कोटा मंडल के यात्रियों को धार्मिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर उज्जैन तक बिना ट्रेन बदले सीधी यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं आम नागरिकों को आवागमन में विशेष सुविधा प्राप्त होगी तथा नागदा जंक्शन पर बीना तथा मध्य प्रदेश के अन्य प्रमुख गंतव्यों के लिए बेहतर रेल संपर्क भी प्राप्त होगा।

# सुदामा चरित्र ने दिया निष्काम मित्रता और समर्पण का संदेश

## पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ सात दिवसीय कथा महोत्सव का समापन

## आचार्य ऋतुराज गौतम ने सुनाया परीक्षित मोक्ष और सुदामा चरित्र का प्रसंग

स्मार्ट हलचल| कोटा

विज्ञान नगर स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का सात दिवसीय आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य ऋतुराज गौतम ने द्वारिका लीलाएं, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, श्रीशुकदेव पूजन एवं पूर्णाहुति प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सुदामा चरित्र के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की निष्काम मित्रता का संदेश देते हुए बताया कि सच्ची श्रद्धा और समर्पण से ईश्वर की कृपा सहज प्राप्त होती है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भक्ति रस का आनंद लिया। मुख्य यजमान भगवानदास माहेश्वरी एवं रमेश माहेश्वरी ने बताया कि कथा श्रवण के लिए अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा पश्चिमांचल के उपसभापति एवं माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला,



राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश चन्द अजमेरा, नंदकिशोर काल्या, कृष्ण गोपाल जाखेटिया, प्रमोद भण्डारी, ओमप्रकाश गट्टानी सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्णाहुति एवं हवन के साथ कथा का विधिवत समापन हुआ। इसके पश्चात भगवानदास माहेश्वरी, रमेश माहेश्वरी, घनश्याम माहेश्वरी, सत्यनारायण माहेश्वरी, स्वप्निल माहेश्वरी एवं आशीष मंडोरा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने कथा की आरती कर प्रसाद वितरण किया।

कथा उपरांत आयोजित भव्य महाआरती में भगवानदास माहेश्वरी, रमेश माहेश्वरी, सत्यनारायण माहेश्वरी, घनश्याम माहेश्वरी, स्वप्निल माहेश्वरी, रुचि माहेश्वरी, आशीष मंडोरा एवं सत्यनारायण सोमानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# भजनों की पतवार पर निकले बाल गोपाल, पुरुषोत्तम मास में हुआ विशेष नौका विहार

### दाधीच महिला मंडल ने कराया बाल गोपाल का नौका विहार

स्मार्ट हलचल| कोटा

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर दाधीच महिला मंडल के तत्वावधान में भगवान बाल गोपाल का पारंपरिक एवं भक्तिमय नौका विहार कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजनों और संकीर्तन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण को रिझाते हुए आध्यात्मिक वातावरण का सृजन किया।

महिला अध्यक्ष स्मिता दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम भगवान के नौका विहार के लिए विशेष जलाशय तैयार किया गया। जलाशय को स्वच्छ जल से भरकर मोगरे के पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया तथा उसमें गंगाजल एवं मोगरे के इत्र का छिड़काव कर पवित्रता प्रदान की गई। इसके पश्चात भगवान बाल गोपाल को सुसज्जित नौका



में विराजमान कर श्रद्धापूर्वक नौका विहार कराया गया।

महामंत्री अम्बिका दाधिच ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति ने बारी-बारी से भगवान को नौका विहार कराते हुए अपनी भक्ति भावनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान महिलाओं ने 'यमुना जी में नौका विहार कर रिया गिरधारी ', 'जगन्नाथ चका नैन ', 'मेरी छोटी सी है नाव' सहित अनेक भक्तिमय भजनों का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय हो उठा। अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने कहा कि प्रतिमाह आयोजित होने वाली कीर्तन श्रृंखला के अंतर्गत इस बार पुरुषोत्तम मास के विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए नौका विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में दाधीच छात्रावास अध्यक्ष रवीन्द्र जोशी, मंत्री निमेष पुरोहित, महिला अध्यक्ष स्मिता शर्मा तथा महिला मंत्री अम्बिका शर्मा सहित महिला मंडल के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# यात्रियों की सुरक्षा के लिए भारतीय रेल का बड़ा कदम, स्टेशनों पर होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

स्मार्ट हलचल| कोटा

रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेल देशभर में फायर सेफ्टी ऑडिट कराएगी। इसके तहत स्टेशनों पर मौजूद अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की जाएगी और जहां भी सुधार की जरूरत होगी, वहां जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि यात्रियों और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाया जा सके।

इस ऑडिट के तहत स्टेशन भवनों, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम, पानी की उपलब्धता, पंपिंग और स्प्रिंकलर सिस्टम समेत सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेलवे स्टेशन आग जैसी किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हों।

ऑडिट के दौरान यह भी जांच की जाएगी कि स्टेशनों पर लागू सभी फायर सेफ्टी और सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। जहां भी कोई कमी पाई जाएगी, वहां सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएंगे।

स्टेशनों की जांच के लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें बनाई जाएंगी। आवश्यकता होने पर विशेषज्ञ एजेंसियों और राज्य फायर विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। जहां सुधार की जरूरत होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

भारतीय रेल लगातार रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। फायर सेफ्टी ऑडिट की यह पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# संभागीय आयुक्त ने किया ग्रीष्मकालीन लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

महाराणा प्रताप खेल गांव में राजस्थान लेक्रोज संघ, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर प्रशासन एवं वित्त पोषक राजस्थान माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड (आरएमएमएल) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर का उदयपुर संभागीय आयुक्त एवं लेक्रोज खेल प्रवर्तक प्रज्ञा केवलरमानी ने अवलोकन किया।

संभागीय आयुक्त ने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें खेल के प्रति पूर्ण समर्पण, अनुशासन और मेहनत के साथ अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर



परिश्रम और सकारात्मक सोच के माध्यम से खिलाड़ी उच्चतम उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं तथा उदयपुर, जनजातीय क्षेत्र और देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना चाहिए। शिविर में प्रशिक्षक नीरज बत्रा के निर्देशन में देश के कई प्रतिष्ठित खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें भारतीय महिला लेक्रोज टीम की कप्तान सुनीता मीणा, राजस्थान पुलिस लेक्रोज टीम के कप्तान मोहनलाल गमेती, अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी खुमाराम गमेती, दयाशंकर गमेती, नारायणलाल गमेती, निशांत नागदा, प्रणय त्रिपाठी, जुला कुमारी गुर्जर, मीरा दौजा, डाली गमेती, विशाखा मेघवाल, यशिष्ठा बत्रा, यशोदा गमेती, रोशनी बोस तथा जानवी राठौड़ सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल हैं।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अंतर्गत स्थापित की जा रही भारत की पहली लेक्रोज अकादमी से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने खिलाड़ियों के आवासीय प्रवास हेतु चित्रकूट नगर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बहुउद्देशीय छात्रावास का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन अत्याधुनिक लेक्रोज मैदान का निरीक्षण करते हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि उदयपुर को देश में लेक्रोज खेल का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। भारत की पहली समर्पित लेक्रोज अकादमी की स्थापना न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। इससे खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्राप्त होंगे।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग अनिल शर्मा, मनमोहन सिंह, आशु महेश्वरी, संजीव शर्मा, खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल, मधु शेखावत, नवरत्न पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# दगा नही होता किसी का सगा: उपाध्याय गौतम मुनि जी म.सा.

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**शंभूपुरा।** उपनगरीय सेन्थी में स्थित दिवाकर भवन में शनिवार को उपाध्याय प्रवर गौतम मुनि जी म.सा ओर वैभव मुनि जी म.सा. का प्रवचन हुआ। प्रवचन के दौरान उपाध्याय गौतम मुनि ने कहा कि दगा नही होता किसी का सगा, इसलिए किसी के साथ गलत करने की कभी मत सोचो। उन्होंने कहा धर्म कहता किसी से बेर नही रखना, जो क्षमा याचना करले आत्मा आत्मभाव में आ जाती है, क्षमा देने लेने से जीव आराधक बनता है। मुनि ने कहा उपदेश देना तो सरल है लेकिन इसका आचरण करना बहुत कठिन, गन्ने का उदाहरण देकर बताया जहाँ गांठ है वहाँ रस नही जहा रस है वहाँ गांठ नही। हम धर्म भी करे और राग द्वेष की गांठ रखेंगे तो धर्म का कोई फायदा नही। उन्होंने कहा धर्म करने के बाद भी जीवन परिवर्तन ना हो तो धर्म की गलती नही,धर्म थोड़ा करो कोई बात नही लेकिन धर्म कभी नाम या दिखावे के लिए मत करो, मुनिवर ने कहा बांसुरी में कही गिठान नही होती तो मधुर बोलती है, इसीलिए बांसुरी श्रीकृष्ण को सबसे ज्यादा प्यारी थी। उन्होंने कहा कि बांसुरी से जीवन जीना सीखे कि बिना बोलाए बोलना नही, हमेशा मीठा बोलना, ओर पाप छिपाने नही, इंसानों को बांसुरी की तरह जीना सीखना चाइये। राग द्वेष करके धर्म करते तो वो सिर्फ लोगो को रिझाने के लिए होता है, हमें अपने जीवन मे आराधक बनना निराधक नही बनना है। वैभव मुनि ने भी अपने प्रवचन से सभी धर्म प्रेमियों को लाभान्वित किया। सभा का संचालन कोषाध्यक्ष रतन लाल संजेती ने किया। सभी अतिथियों का आभार प्रकट संघ अध्यक्ष अनिल पोखरना ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज से श्रावक श्राविकाएं मौजूद रहे।

ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर राजस्थान पुलिस का शिकंजा जारी

# 9 दिनों में 79,195 चालान; ब्लैक फिल्म, फर्जी नंबर प्लेट और अवैध मॉडिफिकेशन पर सबसे बड़ी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल | जयपुर

सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्थान पुलिस ने राज्यभर में ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ रखा है। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार तथा महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं यातायात श्री अनिल पालीवाल और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ. बी.एल. मीणा के पर्यवेक्षण में 4 जून से 12 जून 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान राज्यभर में 79,195 प्रवर्तन कार्रवाइयाँ की गई हैं। अभियान का उद्देश्य वाहनों में अवैध संशोधन, अनाधिकृत लाल-नीली बत्तियां, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट, प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा वाहन पर अनधिकृत शब्द एवं चिन्हों के प्रयोग पर प्रभावी अंकुश लगाना है।





9 दिनों के अभियान में पुलिस ने सर्वाधिक 30,644 वाहनों पर लगी काली फिल्म (ब्लैक फिल्म) के खिलाफ कार्रवाई की। इसके अलावा 20,462 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिन्ह, 10,820 अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन, 7,634 अवैध वाहन संरचना परिवर्तन, 5,406 अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर व हूटर तथा 4,229 प्रेशर और एयर हॉर्न के मामलों में चालान किए गए।

### 12 जून को भी जारी रहा सख्त अभियान

केवल 12 जून 2026 को ही राज्यभर में 8,460 प्रवर्तन कार्रवाइयाँ की गईं। इनमें-

3,193 ब्लैक फिल्म, 2,250 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 1,086 अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन, 844 अवैध वाहन संरचना परिवर्तन, 616 अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर एवं हूटर, 471 प्रेशर/एयर हॉर्न के मामले शामिल रहे।

### जयपुर कमिश्नरेट और कई जिलों में विशेष सख्ती

12 जून को हुई कार्रवाई में जयपुर पश्चिम (490), अजमेर (385), जयपुर यातायात (367), चित्तौड़गढ़ (349), सवाई माधोपुर (325), भीलवाड़ा (320) और कोटा शहर (302) प्रमुख रहे। इन जिलों में पुलिस ने सड़क सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर विशेष निगरानी रखते हुए व्यापक कार्रवाई की।

### सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

डीजे ट्रैफिक श्री पालीवाल ने कहा कि यह अभियान केवल चालान तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास है। अवैध मॉडिफिकेशन, ब्लैक फिल्म, प्रेशर हॉर्न और फर्जी नंबर प्लेट जैसे उल्लंघन न केवल कानून के खिलाफ हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं और अपराधों को बढ़ावा देने का भी कारण बनते हैं।

इन कार्रवाइयों से राजस्थान पुलिस ने स्पष्ट किया है कि 30 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सड़क सुरक्षा के लिए सभी वाहन चालकों से मोटर वाहन अधिनियम एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# सोशल मीडिया पर गैंगस्टरों को फॉलो करने पर 9 युवक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**नागौर/मेड़ता रोड।** नागौर पुलिस ने सोशल मीडिया पर कुख्यात गैंगस्टरों को फॉलो, लाइक और शेयर कर उनके प्रभाव का प्रचार-प्रसार करने वाले युवाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर आशाराम चौधरी (आरपीएस) के निर्देशों की पालना में वृत्ताधिकारी वृत्त नागौर जतिन जैन (आईपीएस) के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लॉरेंस बिश्नोई, हैरी बॉक्सर, रोहित गोदारा, राजू मानजू सहित अन्य गैंगस्टरों को फॉलो कर उनकी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले युवाओं की पहचान की गई थी। इसके बाद अलग-अलग पुलिस थानों की टीमों ने कार्रवाई करते हुए संबंधित युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर अपराधियों और गैंगस्टरों का महिमामंडन करने, उनकी पोस्ट को लाइक, शेयर या फॉलो करने जैसी गतिविधियां कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती हैं तथा युवाओं को अपराध की ओर आकर्षित कर सकती हैं। इसी उद्देश्य से ऐसे खातों की निगरानी कर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में विभिन्न थाना क्षेत्रों के युवक शामिल हैं, जिनमें पोंचूड़ी, खींवसर, मेड़तारोड, कुचेरा, श्रीबालाजी और मेड़तासिटी थाना क्षेत्र के निवासी शामिल हैं।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी गैंगस्टर, अपराधी या असामाजिक तत्व के खातों को फॉलो, लाइक अथवा शेयर नहीं करें। ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की अपील

'सोशल मीडिया पर लॉरेंस, हैरी बॉक्सर, रोहित गोदारा, राजू मानजू आदि गैंगस्टरों को फॉलो, लाइक एवं शेयर नहीं करें। ऐसा करने पर आपके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

# ई-रिक्शा यूनियन के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक अटवाल का सम्मान



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** स्थानीय श्री जीव दया सेवा संस्था द्वारा ब्यावर ई-रिक्शा यूनियन के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक अटवाल का साफा पहनाकर और माला अर्पण कर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकार में बड़ी भूमिका

इस गरिमामयी अवसर पर संस्था के सचिव कपिल सेन ने ई-रिक्शा चालकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा: 'ई-रिक्शा चालक न केवल पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि सामाजिक सरोकार में भी आगे हैं। यूनियन द्वारा प्रसूताओं, घायल व्यक्तियों और वृद्धजनों को निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराने का जो संकल्प लिया गया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। '

### यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान पहली प्राथमिकता

कार्यक्रम के दौरान संस्था के डी.के. जैन ने सभी ई-रिक्शा चालकों से अपील की कि वे शहर के नागरिकों को बेहतर और सम्मानजनक सेवाएँ दें। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बहन-बेटियों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा व सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्हें सुरक्षित गंतव्य तक पहुँचाकर आमजन में ई-रिक्शा सेवा के प्रति विश्वास को और मजबूत करें, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था भी सुगम बनी रहे। इस सम्मान समारोह में संस्था के अध्यक्ष लालचंद सांखला, सचिव कपिल सेन, राजेंद्र जैन, योगेश शर्मा, कैलाश शेखावत, मयंक सेन, चिमन सिंह लोधा सहित संस्था के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक अटवाल को बधाई दी और ई-रिक्शा यूनियन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कर्म का सिद्धांत अटल, भगवान को भी भुगतना पड़ता है फल: आचार्य विहर्ष सागर महाराज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** संसार में लोग अलग-अलग धर्म, जाति और परंपराओं से जुड़े हो सकते हैं, लेकिन कर्म का सिद्धांत सभी के लिए समान है। कर्म कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं करता और प्रत्येक व्यक्ति को अपने किए का फल भुगतना ही पड़ता है। यह विचार परम पूज्य आचार्य श्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज ने ब्यावर में आयोजित जैन समाज की धर्मसभा में व्यक्त किए।



### भगवान ऋषभदेव के प्रसंग से दी सीख

आचार्य श्री ने कर्म की अटलता को समझाते हुए भगवान ऋषभदेव का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब लोगों की शिकायत पर भगवान ऋषभदेव ने बैलों के मुख पर जाली बांधने की सलाह दी थी, तो उसी कर्म के उदय के कारण उन्हें स्वयं 13 माह और 9 दिन तक आहार प्राप्त नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि जब कर्म का प्रभाव भगवान तक को नहीं छोड़ता, तो सामान्य मनुष्य की क्या बिसात। इसलिए हर व्यक्ति को अपने कर्मों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए।

### एक ही बालक ऐसे बना 'श्रीकृष्ण' और 'कंस'

प्रवचन के दौरान आचार्य श्री ने एक प्रेरक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि एक चित्रकार ने जिस तेजस्वी बालक को देखकर भगवान श्रीकृष्ण का चित्र बनाया था, वही बालक 25 साल बाद गलत संगति और बुरे कर्मों के कारण इतना क्रूर हो गया कि चित्रकार ने कंस के चित्र के लिए उसे ही मॉडल चुना। आचार्य श्री ने कहा, 'इंसान और शैतान दोनों हमारे भीतर ही मौजूद हैं। हमारे विचार और कर्म ही तय करते हैं कि हम देवत्व की ओर जाएंगे या पतन की ओर। '

### दर्पण है संसार का सबसे बड़ा ग्रंथ

आचार्य श्री ने 'दर्पण' (शीशे) को संसार का सबसे सहज और बड़ा ग्रंथ बताते हुए कहा कि दर्पण बिना किसी भेदभाव, राग या द्वेष के सबको उसकी वास्तविकता दिखाता है। वह सबका स्वागत करता है पर किसी का संग्रह नहीं करता। मनुष्य को भी दर्पण की तरह निष्पक्ष और समभावी बनना चाहिए।

### दान केवल धन का नहीं होता: मुनि विजयेश सागर

इस अवसर पर आचार्य श्री के शिष्य मुनि श्री विजयेश सागर जी महाराज ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दान केवल धन का नहीं, बल्कि समय, सेवा, ज्ञान और सद्भाव का भी होता है। निष्काम भाव से किया गया दान मनुष्य के अहंकार को कम करता है और पुण्य का संचय करता है।

### चित्र अनावरण और पाद प्रक्षालन

धर्मसभा की शुरुआत में दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुशील बड़जात्या एवं समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज एवं आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्रों का अनावरण किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने आचार्य विहर्ष सागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। प्रवक्ता राकेश जैन ने बताया कि चातुर्मास के तहत प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय व बाहर से आए श्रद्धालु मंगल सान्निध्य का लाभ ले रहे हैं।

# मरू प्रदेश योगासन के जज बने योग गुरु महेन्द्र साहू, योगिनी निशा कंवर और गायत्री गोस्वामी







स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** योगासन भारत की शाखा मरू प्रदेश योगासन की ओर से एक बड़ी पहल करते हुए योग गुरु महेन्द्र साहू, योगिनी निशा कंवर और गायत्री गोस्वामी को आधिकारिक जज नियुक्त किया गया है।मांडव ऋषि योग आश्रम, मांडकला नगरफोर्ट के संस्थापक योग गुरु महेन्द्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मरू प्रदेश योगासन की ओर से उन्हें और निशा कंवर को जज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निष्पक्षता और तकनीकी प्रक्रिया पर जोर

जज नियुक्त होने पर योगिनी निशा कंवर ने कहा, 'खिलाड़ियों के साथ निष्पक्षता ही हमारा मूल उद्देश्य है। पूरी चयन प्रक्रिया तकनीकी आधार पर की जाती है।' उन्होंने प्रदेश के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को योगासन खेल की ओर प्रोत्साहित करें, जिससे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बन सकें।

खेलो इंडिया में शामिल, वैश्विक पहचान मिली योग गुरु महेन्द्र साहू ने बताया कि योगासन प्रतियोगिता को अब 'खेलो इंडिया' में भी शामिल कर लिया गया है। यह प्रतियोगिता जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित होती है और अब इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता भी मिल चुकी है। हाल ही में गुजरात में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 102 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 114 पदक जीते।

### 10 से 55 वर्ष तक के लोग ले सकते हैं भाग

महेन्द्र साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग और योगासन प्रतियोगिता से जोड़ना है। इस प्रतियोगिता में 10 से 55 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि सभी योग से जुड़ें।21 जून योग दिवस पर विशेष अपील उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी लोग जहां भी रहें, वहीं सामूहिक योग कार्यक्रम का हिस्सा बनें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

# निरंकारी बाल समागम में बच्चों ने दिया मानवता और संस्कारों का संदेश

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में जोन-21 अजमेर का जोन स्तरीय निरंकारी बाल समागम शनिवार को टांकावास स्थित निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित किया गया। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस समागम में बच्चों ने गीत, संगीत, विचार, नुक्कड़ नाटक एवं कवि दरबार जैसे विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मानवता, प्रेम, एकता और संस्कारों का संदेश दिया।



जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि बाल सत्संग के बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी और राजस्थानी भाषा में अपनी प्रस्तुतियों के जरिए मानवीय गुणों से युक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। बच्चों ने सत्संग, सेवा और सिमरन के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि आध्यात्मिक संगति से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं तथा आनंद और सुकून की प्राप्ति होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक संत राजीव बिजल्वाण ने कहा कि यदि बच्चों को बचपन से ही अध्यात्म की समझ मिल जाए तो वे जीवन में अनेक उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संसार की शिक्षा व्यक्ति को उच्च पद दिला सकती है, लेकिन उस पद की गरिमा बनाए रखने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को सत्संग, सेवा और सिमरन से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि 'कुछ भी बनो, मुबारक है, मगर पहले इंसान बनो। '

उन्होंने कहा कि आज दुनिया में जाति, धर्म और मजहब के नाम पर अनेक भेदभाव देखने को मिलते हैं, जबकि निरंकारी मिशन का उद्देश्य मानव को मानव से प्रेम करना सिखाना है। मिशन विश्व में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रहा है, जिससे समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता का वातावरण बने।

ब्रांच मुखी कालूराम निरंकारी ने बताया कि समागम में जोन की विभिन्न शाखाओं से आए बाल अनुयायियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर सभी संयोजकों, ब्रांच मुखियों, सेवादल अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों तथा उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# टोंक के स्याला-सुखपुरा में पंचकुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** टोंक जिले के स्याला-सुखपुरा गांव में इन दिनों पंचकुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत श्री सीताराम जी मंदिर के शिखर प्रतिष्ठा और कलश स्थापना के साथ-साथ हनुमान जी, गणेश जी एवं शिव पंचायत की प्राण प्रतिष्ठा भी की जा रही है।

यह धार्मिक अनुष्ठान अंतरराष्ट्रीय महामंडलेश्वर सच्चिदानंद जी महाराज के परम सान्निध्य और मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है।

कार्यक्रम में बी.एस.एस. सुप्रीमो नरेश मीणा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा और टोंक जिला सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश मीणा भरनी जैसे विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की। अतिथियों ने इस आयोजन में शामिल होकर सराहना की।

राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक हेमराज सैनी ने अपनी मधुर आवाज में भजन संध्या प्रस्तुत की, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों द्वारा इस आध्यात्मिक उत्सव के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

# बाड़ी के शनिदेव धाम में भक्ति की सरिता बही, विशाल भजन संध्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

निंबाहेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत बाड़ी स्थित मानसरोवर बांध पर विराजमान नवग्रह श्री शनिदेव महाराज मंदिर में शनिवार को आयोजित विशाल भजन संध्या श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम बन गई। एक दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शनिदेव महाराज के दर्शन किए तथा भजन-कीर्तन का आनंद लिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री शनिदेव मंदिर समिति के अध्यक्ष भंवरलाल सुथार सहित बंशीलाल कुमावत, अशोक सेन, श्यामलाल कुमावत, पर्वत सिंह आंजना, मानमल रेगर, राहुल गुर्जर एवं अशोक तेली तथा भजन संध्या के आयोजक ग्राम सेमलिया निवासी पूर्व उपसरपंच दिनेश धाकड़ ने राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मनोज पारख सहित मंचासीन अतिथियों का उपराना ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

स्वागत समारोह के पश्चात पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने नवग्रह श्री शनिदेव महाराज के दर्शन कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली, उत्तम वर्षा, किसानों की उन्नति तथा जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा आपसी भाईचारा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूती मिलती है।

विशाल भजन संध्या में भजन गायिका यशोदा कुमावत बाड़ी, प्रसिद्ध भजन गायक नागराज एवं बाल भजन गायिका श्याम दीवानी काव्या ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर 'जय श्री शनिदेव महाराज' के जयघोषों से गुंजायमान रहा।

श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव को तेल, पुष्प एवं नैवेद्य अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। मंदिर परिसर में व्याप्त आध्यात्मिक वातावरण ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बाड़ी के प्रशासक गोपाल रेगर, उपसरपंच कैलाश आंजना, डला उर्फ किशनपुरा प्रशासक बाबूलाल धाकड़, गाडोला प्रशासक प्रतिनिधि देवीलाल मीणा, विकास धाकड़, संतोष पुरिया, ललित नायक सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कांग्रेसजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# दूनी में विशाल पंचम सर्व माली प्रतिभा सम्मान समारोह, जिलेभर की मेधाओं का होगा भव्य सम्मान

### 28 जून को आयोजित होगा बहुप्रतीक्षित आयोजन, टोंक सहित पनवाड़ और उनियारा क्षेत्र की प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान

स्मार्ट हलचल

**दूनी/टोंक।** अखिल भारतीय माली समाज सेवा संस्थान, टोंक की निर्णायक समिति की महत्वपूर्ण बैठक में आगामी विशाल पंचम सर्व माली प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के संरक्षक प्रहलाद तलाईच एवं जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद माली ने की। इस अवसर पर समाज के संगठनात्मक विस्तार, युवा पीढ़ी के प्रोत्साहन और शिक्षा के महत्व पर भी विचार-विमर्श किया गया।

संस्थान के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी भैरूलाल माली ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यह बहुप्रतीक्षित समारोह 28 जून 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे दूनी स्थित ओम पैराडाइज में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान केवल व्यक्तियों का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे समाज के उज्ज्वल भविष्य में निवेश है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार, प्रतिस्पर्धा और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बनते हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष समारोह का दायरा और अधिक व्यापक रखा गया है। इसमें टोंक जिले के साथ-साथ पनवाड़ एवं उनियारा समिति क्षेत्र के पात्र प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थियों, युवाओं और उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले समाजजनों को मंच प्रदान किया जा सके। संस्थान का उद्देश्य प्रतिभाओं को पहचान देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना तथा समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार करना है। बैठक में समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए भोजन, मंच, टेंट, प्रकाश व्यवस्था, अतिथि सत्कार एवं अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित कार्यकारिणी सदस्यों को सौंपी गई। साथ ही राजस्थान सरकार के पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी को समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। अन्य विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित करने तथा कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की उन्नति का सबसे सशक्त आधार शिक्षा, संगठन और प्रतिभाओं का सम्मान है। यदि मेधावी विद्यार्थियों और युवाओं को समय पर प्रोत्साहन मिले तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इसी सोच के साथ संस्थान लगातार प्रतिभा सम्मान समारोहों का आयोजन कर सामाजिक जागरूकता और शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे रहा है। इस अवसर पर दूनी तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश माली सहित कार्यकारिणी के अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। अंत में संस्थान ने सभी समाजबंधुओं, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में भाग लेने की अपील करते हुए आयोजन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला कार्यकारिणी ने विश्वास जताया कि समाज के सामूहिक सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बनेगा।



# इंडियन आइडल की जज बनीं नेहा कक्कड़

बॉलीवुड की लोकप्रिय गायिका नेहा कक्कड़ आज देश की सबसे चर्चित सिंगर्स में गिनी जाती हैं, लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें पहचान बनाने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। उनकी जिंदगी का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जिस रियलिटी शो में वह एक कंटेस्टेंट के रूप में हिस्सा लेकर बाहर हो गई थीं, बाद में उसी शो में जज की कुर्सी तक पहुंचीं। नेहा कक्कड़ का परिवार एक छोटे से किराए के घर में रहता था। संगीत से जुड़े माहौल में पली-बढ़ीं नेहा को बचपन से ही गाने का शौक था। उनकी बड़ी बहन सोनू कक्कड़ और भाई टोनी कक्कड़ भी संगीत से जुड़े रहे हैं। महज चार साल की उम्र में नेहा ने धार्मिक आयोजनों और जागरणों में गाना शुरू कर दिया था। छोटी उम्र में ही वह परिवार के साथ मंच पर भजन गाती थीं। धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया और उन्होंने गायकी को ही अपना भविष्य बनाने का फैसला किया। बेहतर अवसरों की तलाश में परिवार दिल्ली आया और बाद में नेहा अपने भाई टोनी कक्कड़ के साथ मुंबई पहुंच गईं। यहां उन्हें कई बार निराशा का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। साल 2005 में नेहा ने 'इंडियन आइडल' में हिस्सा लिया, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सकीं और शुरुआती दौर में ही बाहर हो गईं। उस समय शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यही लड़की एक दिन उसी मंच पर जज बनकर बैठेगी।

शो से बाहर होने के बाद नेहा ने छोटे-बड़े कई प्रोजेक्ट्स में काम किया। साल 2008 में उनका पहला म्यूजिक एल्बम 'नेहा द रॉकस्टार' रिलीज हुआ। इसी दौरान उन्होंने फिल्म 'मीराबाई नॉट आउट' में कोरस सिंगिंग की। इसके बाद उन्हें कई फिल्मों और म्यूजिक प्रोजेक्ट्स में काम मिलने लगा। फिल्म 'कॉकटेल' का गाना 'सेकंड हैंड जवानी' उनके करियर का बड़ा मोड़ साबित हुआ। इस गाने ने उन्हें देशभर में पहचान दिलाई। इसके बाद सफलता का सिलसिला लगातार आगे बढ़ता गया। 'लंदन ठुमकदा', 'सनी सनी', 'काला चश्मा', 'दिलबर' और 'आंख मारे' जैसे गानों ने उन्हें बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय आवाजों में शामिल कर दिया। उनकी गायकी को देश ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जाने लगा। सोशल मीडिया और यूट्यूब पर भी उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग बनी। नेहा को उसी 'इंडियन आइडल' में जज बनने का मौका मिला, जहां कभी वह कंटेस्टेंट के रूप में बाहर हो गई थीं। उन्होंने कई सीजन में जज की भूमिका निभाई और नए प्रतिभाशाली गायकों को मार्गदर्शन दिया।



# तापसी पन्नू को नहीं मिल रहे खास तरह के रोल

## शाहरुख को लेकर कहा

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं।


### सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

हालिया इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।'


### तापसी पन्नू करियर फ्रंट पर क्या कर रही हैं?

तापसी पन्नू की हाल ही में एक फिल्म 'अस्सी' रिलीज हुई, इसमें उन्होंने एक वकील का रोल किया। यह फिल्म दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध को लेकर एक बड़ी बहस छेड़ती है। तापसी पन्नू 'वो लड़की है कहां' और 'गांधारी' जैसी फिल्मों में भी नजर आएंगी।

### शाहरुख का दिया उदाहरण



आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।



# पुलकित सम्राट ने पूरी की अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग

अभिनेता पुलकित सम्राट ने निर्देशिका स्नेहा तौरानी द्वारा निर्देशित और रमेश तौरानी की टिप्स फिल्म्स के बैनर तले बन रही अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। हालांकि फिल्म की आधिकारिक घोषणा का अभी इंतजार है, लेकिन सूत्रों के अनुसार फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब केवल एक गाने की शूटिंग बाकी है।

फिलहाल अपने प्रोडक्शन के अंतिम चरण में पहुंच चुका पुलकित सम्राट का यह प्रोजेक्ट दर्शकों के एक कदम और करीब आ गया है। वैसे पिछले साल जब पुलकित का नाम इस प्रोजेक्ट से जुड़ा था, तब से ही फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई थी, लेकिन इस खबर के साथ ही दर्शकों की उत्सुकता अब चरम पर पहुंच चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि बॉलीवुड के सबसे सफल प्रोडक्शन हाउसेज़ में से एक टिप्स फिल्म्स के साथ एक उभरती हुई निर्देशिका और अपने करियर के मजबूत दौर से गुजर रहे अभिनेता का यह सहयोग इंडस्ट्री में पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है।

हालांकि पुलकित की इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की खबर भी ऐसे समय में आई है, जब पुलकित को उनकी हालिया रिलीज 'ग्लोरी' में दमदार प्रदर्शन के लिए काफी सराहना मिल रही है।

गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट में एक बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आए पुलकित को उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन और अभिनय के लिए दर्शकों ने खूब पसंद किया है। सिर्फ यही नहीं इस किरदार ने एक कलाकार के रूप में पुलकित की न सिर्फ एक नई छवि पेश की है, बल्कि चुनौतीपूर्ण व विविध भूमिकाएं निभाने की उनकी प्रतिष्ठा को भी और मजबूत किया है। सालों से अलग-अलग शैलियों में प्रयोग करते आए पुलकित सम्राट ने कमर्शियल एंटरटेनर्स के साथ-साथ परफॉर्मेंस आधारित किरदारों के बीच संतुलन बनाए रखा है। यही वजह है कि 'ग्लोरी' से मिली इस नई रफ्तार के बाद अब दर्शकों के बीच टिप्स फिल्म्स के साथ उनकी इस नई फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। फिलहाल शूटिंग के बाद अंतिम चरण में पहुंच चुकी इस फिल्म में पुलकित सम्राट को बतौर मुख्य अभिनेता एक और दिलचस्प किरदार निभाते देखना वाकई आँखों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। फिलहाल मेकर्स की ओर से आने वाले महीनों में फिल्म की आधिकारिक घोषणा किए जाने की संभावना है।

# क्या गौतम तिन्ननुरी की फिल्म में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना?

कर्नाटक संगीत की महान गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की जिंदगी पर एक बायोपिक फिल्म बनने जा रही है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना एमएस सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभा सकती हैं।

### मुख्य अभिनेत्री को लेकर सस्पेंस

फिल्म में मुख्य भूमिका कौन निभाएगा, इसे लेकर अभी अलग-अलग जानकारी आ रही हैं। रश्मिका मंदाना को एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक के लिए चुना गया है। बताया जा रहा है कि हाल ही में इसके लिए उनके घर पर एक लुक टेस्ट भी हुआ है। हालांकि, कुछ समय पहले यह जानकारी आई थी कि रश्मिका या साई पल्लवी की जगह रुक्मिणी वसंत को इस रोल के लिए साइन किया गया है। लेकिन सबसे पहले चर्चा थी कि साई पल्लवी यह किरदार निभाएंगी और उन्होंने इसके लिए कर्नाटक संगीत सीखना भी शुरू कर दिया है। बहरहाल, फिल्म मेकर्स की तरफ से अभी तक किसी भी नाम पर आधिकारिक पुष्टि नहीं दी है।

### बायोपिक का निर्देशन

एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक पर बन रही इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्ननुरी करेंगे। गौतम तिन्ननुरी को सुपरहिट फिल्म 'जर्सी' बनाने के लिए जाना जाता है। गौतम काफी समय से इस कहानी पर रिसर्च कर रहे हैं।

### 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी रश्मिका

रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। इसके लिए रश्मिका ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। फिल्म 'कॉकटेल 2', 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं ।



# शोभिता धुलिपाला ने आलोचकों को दिया करारा जवाब

नागा चैतन्य के साथ रिश्ते और शादी को लेकर लंबे समय से सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रहीं शोभिता धुलिपाला ने आखिरकार आलोचकों को करारा जवाब दिया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'अब मुझे लोगों की बातों से फर्क नहीं पड़ता। मैं अपनी जिंदगी के बेहद खूबसूरत दौर में हूं।' बता दें कि शोभिता और नागा चैतन्य के रिश्ते की चर्चा साल 2022 में शुरू हुई थी। इसके बाद अगस्त 2024 में दोनों ने सगाई की और उसी साल दिसंबर में शादी कर ली। हालांकि, इस रिश्ते को लेकर शोभिता को लगातार सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। शोभिता ने आगे कहा कि 'लोगों की दिलचस्पी और चर्चाओं को मैं उत्सुकता के तौर पर देखती हूं। मैं बस अपनी जिंदगी जी रही थी और मुझे समझ नहीं आता कि लोग मुझसे कैसी प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहे हैं। समय के साथ मुझे अपनी पहचान और मानसिक मजबूती का बेहतर एहसास हो गया है।'





# अपनी अच्छे एक्टर वाली छवि को बदलना चाहते हैं ऋतिक रोशन

**बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन अब अपनी अच्छे एक्टर वाली छवि को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इशारा किया है कि वह अब सीधे-साधे और हमेशा सही रहने वाले किरदारों से हटकर कुछ अलग और गंभीर यानी ग्रे शेड की भूमिकाएं करना चाहते हैं। ऋतिक ने माना कि डायरेक्टर अक्सर उन्हें सिर्फ पॉजिटिव रोल ही ऑफर करते हैं, जिससे वे थोड़े निराश हैं।**

### इंस्टाग्राम पर शेयर की दिल की बात

ऋतिक ने पेरिस की एक खूबसूरत सड़क से अपनी एक सेल्फी शेयर की, जिसके बैकग्राउंड में एफिल टावर दिख रहा है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'मुझसे अभी पूछा गया कि मैं किस तरह का रोल करना चाहता हूं। जब मुझे इसका जवाब मिला, तो मैं खुद भी हैरान रह गया। क्या आपको फिल्म 'लक बाय चांस' का जफ्फर याद है? मुझे वैसा ही रोल चाहिए।' ऋतिक ने आगे लिखा, 'अगर मुझे ऐसा कोई मौका मिला, तो मैं उसे तुरंत अपना लूंगा। लेकिन दुख की बात है कि डायरेक्टर मुझे सिर्फ अच्छे इंसान के रोल में ही देखना चाहते हैं।'

### क्या था 'जफ्फर' का किरदार?

साल 2009 में आई निर्देशक जोया अख्तर की फिल्म 'लक बाय चांस' में ऋतिक ने 'जफ्फर' नाम के एक मतलबी और घमंडी सुपरस्टार का छोटा सा रोल निभाया था। भले ही वह रोल छोटा था, लेकिन लोगों को बहुत पसंद आया था। ऋतिक की इस पोस्ट को देखकर जोया अख्तर ने तुरंत कमेंट में लिखा, 'चलो, कॉफी पर मिलते हैं।'

### ऋतिक रोशन के आने वाले प्रोजेक्ट्स

ऋतिक को आखिरी बार फिल्म 'वॉर 2' में देखा गया था, जिसे बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। आने वाले समय में वे इन बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगे। 'कृष 4' सुपरहिट सुपरहीरो फिल्म से ऋतिक पहली बार निर्देशन के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। इस फिल्म को यश राज फिल्म्स और राकेश रोशन मिलकर बना रहे हैं। इसके अलावा ऋतिक अपनी वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम 'स्टॉर्म' है। 'स्टॉर्म' से ऋतिक अब ओटीटी की दुनिया में भी कदम रख रहे हैं। 'स्टॉर्म' मुंबई पर आधारित एक थ्रिलर सीरीज है।

# 'कांटे 2'को लेकर गंभीरता से काम कर रहे हैं संजय गुप्ता



निर्देशक संजय गुप्ता ने पुष्टि की है कि वह अपनी चर्चित फिल्म 'कांटे' के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि 'कांटे 2' की कहानी का शुरुआती खाका तैयार कर लिया गया है और अब वह इसकी स्क्रिप्ट लिखने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। संजय गुप्ता और संजय दत्त लंबे समय से साथ काम करते रहे हैं। दोनों ने 'आतिश', 'जंग', 'खौफ', 'कांटे', 'मुसाफिर', 'जिंदा' और 'दस कहानियां' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। संजय का मानना है कि संजय दत्त में आज भी किसी फिल्म को अपने दम पर सफल बनाने की क्षमता है। निर्देशक ने यह भी खुलासा किया कि 'कांटे' लंबे समय तक कानूनी विवाद में फंसी रही, जिसके कारण सीक्वल पर काम आगे नहीं बढ़ पाया। अब यह मामला सुलझ चुका है, जिससे वह फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर गंभीरता से काम कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com